Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 86 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 16 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दया धर्म की पहचान चेतन के उत्थान से होती है।

Religion of mercy is known by the evevation of soul.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम विष्णुदेव साय ने दी ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुस्लिम भाईयों सहित प्रदेशवासियों को पैगम्बर साहब के जन्म दिवस ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी है। इस पवित्र मौके पर उन्होंने देश-दुनिया में अमन-चैन और लोगों की खुशहाली की कामना की है।

### किसानों की महापंचायत बनी आफत, पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील

**कैथल (आरएनएस)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच रविवार को उचाना में प्रस्तावित किसानों की महापंचायत के मद्देनजर हरियाणा-पंजाब बॉर्डर को सील कर दिया गया है। इससे पड़ोसी राज्यों की सीमा के आर-पार आने-जाने वाले लोगों को काफी समस्या हो रही है। उनका कहना है कि प्रशासन ने इस तरह से बैरिकेडिंग की है कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। यहां पर प्रशासन से कोई अधिकारी नहीं है जो लोगों को इस संबंध में बता पाए।

### एसएसपी निकले गणेश पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था देखने

**रायपुर (विसं)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह देर रात गणेश पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था देखने के लिए निकल कर लिए स्थिति का जायजा लिए। कुछ जगह समितियों के सदस्यों से भेंट कर आवश्यक चर्चा की विशेष कर वालंटियर लगाने की बात कही।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ को मिलीं 240 ई-बसें



### नागरिकों को मिलेगी किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा : उप मुख्यमंत्री अरुण साव

### रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई में जल्द शुरू होगी ई-बस सेवा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक परिवहन के लिए 240 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन बसों का संचालन राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई में किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों मंस सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम ई-बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा रायपुर के लिए 100, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसें स्वीकृत की गई हैं।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने बताया कि सार्वजनिक परिवहन सेवा की इस अभिनव योजना में केंद्र सरकार द्वारा शहरों को बसों की खरीद तथा उनके संचालन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसका एक बड़ा हिस्सा शहरों में बस डिपो जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए भी खर्च किया जाएगा। योजना के अंतर्गत तीन तरह की बसें स्टैंडर्ड, मीडियम और मिनी चलाई जाएंगी। विभिन्न राज्यों में शहरों की जनसंख्या के आधार पर बसों की संख्या निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि ई-बस सेवा प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ के शहरों में कम कार्बन उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण का संरक्षण होगा। कम ऊर्जा खपत और बेहतर ईंधन दक्षता के साथ ही नागरिकों को आरामदायक आवागमन की सुविधा सुलभ होगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि भारत सरकार की पीएम ई-बस सेवा योजना राज्यों को मिलने वाली केंद्रीय सहायता को पारदर्शिता और उनके प्रदर्शन से जोड़ने की कोशिश का हिस्सा है। इसे शहरों में मेट्रो के विकल्प या उसके सहयोगी साधन के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि लोगों को किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिले। योजना के तहत शहरों को जनसंख्या के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है। 20 लाख से 40 लाख तक की आबादी वाले शहरों को 150, दस से बीस लाख और पांच से दस लाख तक की आबादी वाले शहरों को 100-100 तथा पांच लाख से कम आबादी वाले शहरों को 50 ई-बसों की पात्रता है। इसके आधार पर रायपुर को 100 मीडियम ई-बसों, दुर्ग-भिलाई को 50 मीडियम ई-बसों, बिलासपुर को 35 मीडियम और 15 मिनी ई-बसों तथा कोरबा को 20 मीडियम एवं 20 मिनी ई-बसों की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

पीएम ई-बस सेवा योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार बसों का क्रय तथा संचालन एजेंसी का चयन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। एजेंसी को केंद्रीय सहायता सुनिश्चित किलोमीटर संचालन के आधार पर दी जाएगी। अगर बसें इससे कम किलोमीटर चलती हैं तो केंद्रीय सहायता उसी के अनुपात में कम हो जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा शहरों के प्रदर्शन के आधार पर पैसा दिया जाएगा। पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत हर तीन महीने में बसों के संचालन का हिसाब-किताब देना होगा। योजना की सामान्य शर्तों में यह भी शामिल है कि प्रोजेक्ट के तहत दिए जाने वाले पैसे का थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य होगा, ताकि पूरी पारदर्शिता रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 6 नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

### जानिए किन रूटों पर दौड़ेंगी ये गाड़ियां...





**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज टाटानगर यानि जमशेदपुर नहीं पहुंच सके। खराब मौसम के चलते उनके प्लान में बदलाव कर दिया गया। हालांकि, टाटानगर से वंदे भारत ट्रेन अब रवाना हो चुकी है। पीएम मोदी ने रांची से ऑनलाइन होकर6 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी दिखाई। मौसम खराब होने की वजह से रांची से जमशेदपुर की उड़ान नहीं भड़ी जा सकी। बता दें कि झारखंड के कई हिस्सों में रविवार की अहले सुबह से हवाओं के साथ वर्षा जारी है।

पीएम मोदी ने वीडियो कांफेंसिंग के माध्यम से छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने 650 करोड़ की रेल परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। पीएम का टाटानगर स्टेशन में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने तथा रोड़ शो का कार्यक्रम स्थगित हो गया। भाजपा की ओर से इसकी आधिकारिक सूचना दी गई, लेकिन गोपाल मैदान में आयोजित होने वाली सभा को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है।

जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर पीएम मोदी रविवार की सुबह 9ः05 बजे वायु सेवा के विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रधानमंत्री से मिलने एयरपोर्ट नहीं पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री से मुलाकात करने के बाद भाजपा के सभी नेता पुराने टर्मिनल भवन से बाहर आए। राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने बताया कि जमशेदपुर में मौसम खराब होने के कारण प्रधानमंत्री एयरपोर्ट पर ही रुकना पड़ा।

बता दें ये छह नई ट्रेनें टाटा नगर-पटना, ब्रह्मपुर-टाटा नगर, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-वाराणसी, भागलपुर-हावड़ा और गया-हावड़ा के बीच चलेंगी। इन नई वंदे भारत ट्रेनों के जरिए देवघर में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, कोलकाता में कालीघाट और बेलूर मठ जैसे धार्मिक स्थलों तक तीर्थयात्रियों को जल्दी पहुंचने में मदद मिलेगी।

### दुर्ग-विशाखापट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिनांक 16 सितंबर, 2024 को 16.15 बजे रायपुर (दुर्ग)-विशाखापट्टणम वंदे भारत उदघाटन स्पेशल एक्सप्रेस को रायपुर स्टेशन से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे ।गाड़ी संख्या 20829/20830 दुर्ग-विशाखपट्टणम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सेवा सप्ताह में छह दिन (गुरुवार को छोड़कर) दोनों छोर से संचालित की जाएगी । दिनांक 16 सितंबर, 2024 को यह ट्रेन उदद्घाटन स्पेशल के रूप में स्पेशल समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएगी । दिनांक 20 सितंबर, 2024 से ट्रेन नं. 20829/20830 दुर्ग-विशाखपट्टणम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार चलेगी।

## मोदी 3.0 : पहले 100 दिनों में तीन लाख करोड़ रुपए की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में तीन लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सरकार ने कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को सुविधाजनक बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। पीएम मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है।

पिछले महीने के अंत में, पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली मेगा वधवन पोर्ट परियोजना और कई अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मुंबई से बमुश्किल 150 किलोमीटर दूर दहानू कस्बे के पास स्थित वधवन बंदरगाह देश के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगा और केंद्र के बंदरगाह-आधारित अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा। यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बड़े बंदरगाहों को महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनाने की परिकल्पना करता है। इसके पूरा होने पर, इससे देश में 12 लाख नौकरियां और लगभग 1 करोड़ अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। केंद्रीय बजट में राजमार्गों, बंदरगाहों, रेलवे और बिजली संयंत्रों सहित बुनियादी ढांचे के क्षेत्र के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, और विकास को गति देने और अधिक नौकरियां पैदा करने के लिए अगले पांच वर्षों तक इस योजना को जारी रखने की योजना है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 57 हजार श्रमिकों को 49.43 करोड़ राशि का डीबीटी के माध्यम से करेंगे वितरण

### छत्तीसगढ़ श्रम विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के श्रमिकों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसका सीधा लाभ श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को मिल रहा है। उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 17 सितंबर विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'श्रमिक सम्मेलन' में 57 हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को 49 करोड़ 43 लाख 52 हजार 294 रूपए केन्द्रीकृत डी.बी.टी. के माध्यम से वितरण करेंगे। यह सम्मेलन राजधानी के इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के कृषि मंडपम में आयोजित होगा।

श्रम विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि प्रदेश के पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को श्रम विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सर्निन्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत 47 हजार 726 निर्माण श्रमिकों 38 करोड़ 37 लाख 10 हजार 652 रूपए, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 6873 श्रमिकों को 9 करोड़ 86 लाख 58 हजार 500 रूपए एवं छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 2496 श्रमिकों को 1 करोड़ 19 लाख 83 हजार 142 रूपए की राशि डी.बी.टी. के जरिए वितरण करेंगे। इस तरह कुल 57 हजार 95 श्रमिकों को कुल राशि 49 करोड़ 43 लाख 5 हजार 229 रूपये का वितरण केन्द्रीयकृत डी.बी.टी. के माध्यम से किया जाएगा।

## केजरीवाल ने किया ऐलान- मनीष सिसोदिया नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री

### अगले दो-तीन दिन के अंदर विधायक दल की बैठक में सीएम के नाम का किया जाएगा ऐलान





**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** दिल्ली की तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने के दो दिन बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान कर दिया। अरविंद केजरीवाल ने ना सिर्फ मुख्यमंत्री पद छोड़ने की बात कह डाली, इसके साथ ही दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भी इशारा किया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने मंच से साफ कर दिया कि मनीष सिसोदिया दिल्ली के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे।

केजरीवाल ने कहा कि मेरे इस्तीफा देने के बाद आम आदमी पार्टी का कोई नेता सीएम बनेगा। अगले दो-तीन दिन के अंदर विधायक दल की बैठक होगी। उसमें सीएम के नाम का ऐलान किया जाएगा। मनीष सिसोदिया का भी कहना है वो दिल्ली के डिप्टी सीएम और शिक्षा मंत्री का पद तभी संभालेंगे, जब दिल्ली की जनता कहेगी, सिसोदिया ईमानदार हैं। मेरा और मनीष सिसोदिया का फैसला आपके हाथ में है। हम जनता की अदालत में जा रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि मुझ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं और मैं अग्नि परीक्षा देने को तैयार हूं। अगले दो दिन बाद पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना दे। मैं गली-गली, घर-घर जाऊंगा। कुछ महीने बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव हैं। आपको लगता है कि केजरीवाल ईमानदार हैं तो मेरे पक्ष में वोट दें, अगर लगता है कि केजरीवाल गुनाहगार है तो मुझे वोट मत दें। अगर आप मुझे वोट देकर जिताएंगे और कहेंगे कि केजरीवाल ईमानदार है, तो चुनाव के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। उससे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा।

केजरीवाल ने कहा कि इनका फॉर्मूला है कि जहां-जहां चुनाव हारे, वहां-वहां के मुख्यमंत्रियों पर फर्जी केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लो और सरकार गिरा दो। इन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री, केरल के मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पर भी केस कर रखे हैं। अगर मैं इस्तीफा दे देता, ये विपक्ष के एक भी मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ते, फर्जी केस बनाकर जेल में डाल देते। सबकी सरकार गिरा देते।

## भारत के दबाव के आगे झुका चीन, गलवान घाटी समेत चार जगहों से पीछे हटी सेना



**बीजिंग।** 4 साल गलवान घाटी में डटे रहने के बाद चीन ने वहां से अपने सैनिकों को पीछे हटने को कहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी समेत चार स्थानों पर सैनिकों की वापसी हुई है। चीन के विदेश मंत्रालय ने पूर्वी लद्दाख में गलवान समेत चार बिंदुओं से सैनिकों के पीछे हटने का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और चीन ने रूस में अपनी बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के वास्ते माहौल बनाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है।

चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स सदस्य देशों में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च-स्तरीय अधिकारियों की बैठक से इतर बातचीत की। इस दौरान दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दों पर हाल के विचार-विमर्श में हुई प्रगति पर चर्चा की। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग से प्रेस वार्ता के दौरान पूछा गया कि क्या दोनों देश पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण चार साल से अधिक समय से द्विपक्षीय संबंधों पर जमी बर्फ को हटाने के करीब हैं? इसपर माओ ने कहा कि दोनों सेनाओं ने चार क्षेत्रों से वापसी की है और सीमा पर स्थिति स्थिर है।

## बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को मिल रहा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की संकल्पना को साकार करते हुए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक एवं जिले आर्थिक रूप से कमजोर तबके के मरीजों को मिल रहा है।





विकासखंड पलारी के अंतर्गत ग्राम अमेरा की 22 वर्षीय कॉलेज छात्रा ऋचा कुर्रे को तीन साल पहले पीलिया हुआ। कमज़ोरी,बुखार,मल के साथ खून का आना,शरीर में पीलापन यह दिक्कतें बनी हुई थीं। बाद में विभिन्न जांचों के बाद रायपुर के एक बड़े निजी अस्पताल में यह पता चला कि उन्हें लिवर में समस्या है। डॉक्टर ने लिवर के ऑपरेशन की सलाह दी। उस समय एक ऑपरेशन हुआ। ऋचा के परिवार ने बताया की उक्त ऑपरेशन के बाद भी राहत नहीं मिली जिससे बाद में लिवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई। ऐसे में धन की कमी को देखते हुए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना अंतर्गत आवेदन दिया गया जिससे 18 लाख की सहायता राशि प्राप्त हुई । ऑपरेशन के बाद अभी ऋचा स्वस्थ हैं। ऐसे ही एक अन्य प्रकरण में पलारी के ही ग्राम हरिनभट्टा निवासी रमेश कुमार कन्नौजे की की पत्नी को समय से पूर्व प्रसव में जुड़वां बच्चे हुए,जिन्हें रायपुर के बच्चों वाले एक निजी अस्पताल में विशेष देखभाल हेतु 105 दिन तक भर्ती किया गया। इसके लिए योजना के तहत 10 लाख के करीब सहायता राशि प्रदान की गई। विकासखंड सिमगा के ग्राम केशली के 50 वर्षीय संजय कुमार वर्मा को एक वर्ष पूर्व हृदयघात हुआ जिसका इलाज रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में किया गया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें पेसमेकर लगवाने की सलाह दी। इसके लिए परिवार ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में आवेदन किया जिससे उन्हें 6.5 लाख की सहायता दी गई। उक्त सभी मरीजों के परिजनों ने मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त किया है और ऐसी योजनाओं को जनता के हित के किये जरूरी बताया है। राज्य के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, दुर्लभ बीमारियों में होने वाले इलाज के व्यय से बचाने तथा उसमें सहयोग करने के लिए संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना चलाई जा रही है जिसमें अधिकतम 25 लाख रुपए की सहायता राशि इलाज हेतु संबंधित अस्पताल को मरीज के पूरे दस्तावेजों के निरीक्षण के पश्चात दिया जाता है।

## दोनों राज्यों के परिवहन विभाग के अधिकारियों के बीच सहमति

**रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश परिवहन विभाग द्वारा यात्री सुविधा के विस्तार एवं सुगम यातायात हेतु 17 वर्षों के बाद दोनों राज्यों के विभागों की पहल पर विगत 11 सितम्बर, 2024 को मध्यप्रदेश के मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल में बैठक आयोजित की गई। मध्यप्रदेश राज्य की ओर से इस बैठक में श्री एस. एन. मिश्रा, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से श्री एस. प्रकाश, सचिव, परिवहन विभाग सह परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ की उपस्थित में हुई। दोनों राज्यों के बीच परिवहन विभाग के विभिन्न मुद्दों पर छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के मध्य वर्ष 2007 में हुए अंतर्राज्यीय पारस्परिक यातायात समझौता में अभिवृद्धि किये जाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा 34 नवीन मार्गों एवं मध्यप्रदेश राज्य द्वारा 19 नवीन मार्गों को जोड़ने पर सहमति बनी।

## विधायक देवेन्द्र यादव के परिवार से मिलने पहुंचे प्रदेश प्रभारी एवं राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट

### मां से मिलकर कुशल क्षेम लिया और आश्वस्त किया जल्द देवेंद्र घर आएगा



पायलट के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व मंत्री रुद्र गुरु, पूर्व मंत्री धर्मेंद्र साहू एवं युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा भी थे साथ

**भिलाई (विश्व परिवार)।** भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के परिवार से मिलने के लिए कांग्रेस नेता प्रदेश प्रभारी और राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट भिलाई सेक्टर 5 स्थित विधायक निवास पहुंचे. जहाँ उन्होंने विधायक श्री यादव की माँ और परिवार के सभी सदस्यों से मिले. करीब 1 घंटे तक मां के पास बैठक उनका हालाचाल जाना। उनके स्वास्थ्य की खैरियत ली। परिवार के सदस्यों से चर्चा की और सभी को हिम्मत दिया। सभी से कहा कि आप सभी लोग अपना ख्याल रखिए। मां से कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे। समय पर भोजन और दवाइएं ले। परिजनों और विधायक देवेंद्र यादव के बड़े भाई धर्मेंद्र यादव से भी कहा कि वे माता जी का ख्याल रहे। देवेंद्र का ख्याल रखने के लिए उनके साथ पूरा कांग्रेस परिवार है. उन्होंने आगे कहा की कांग्रेस नेता राहुल गाँधी जी उन्हें यहाँ भेजा है. ताकि वे देवेंद्र के परिवार का कुशल क्षेम ले कर उन्हें खबर करें. उनके कहने और परिवार का हालचाल जानने वे भिलाई आए है.

आगे सचिन ने कहा की आगे पूरे परिवार को विश्वास जताते हुए कहा कि उनके रहते हुए उन्हें किसी भी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पूरा कांग्रेस परिवार, प्रदेश की पूरी जनता युवा नेता देवेंद्र यादव के साथ है। युवा नेता विधायक छत्तीसगढ़ महतारी का बहादुर बेटा है। जो भोलेभाले, मासूम, निर्दोष प्रदेशवासियों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। देवेंद्र यादव की प्रदेश भर में हो रही ख्याति उसकी लोकप्रियता से भयभीत होकर भाजपा की सरकार उसके खिलाफ राजनीति सडयंत्र की है। बदला लेने के लिए यह सब प्रपंच कर रही है. लेकिन सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजीत नहीं हो सकता है। एक दिन विधायक देवेंद्र यादव की जीत और पूरे शान से वह बहुत जल्द जेल से बाहर आएगा।

सचिन पायलेट को धनेंद्र साहू ने बताया की प्रदेश कांग्रेस की बनाई कमेटी बिलासपुर और बलोदा बाजार जेल जा चुकी है. और वहां सतनामी समाज के निर्दोष लोगों से जेल में कोरे कागज में साइन कराए गए हैं। उन पर देवेंद्र यादव का नाम लेने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है साथ परिवार को भी घसीटने और रासुका लगाने तक की धमकी दी जा रही है. पायलेट ने इस प्रकार के शासन के रैवये को गलत बताया है उन्होंने माता से पूछा की हफ्ते में एक बार जाते हो मिलने इस पर धर्मेंद्र नें बताया की हफ्ते में एक बार 2 लोगों को मिलने दिया जाता है। इस दौरान प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत पूर्व मंत्री रूद्र गुरु पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू भिलाई युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा महापौर नीरज पाल सभी सभी एम आई सी सदस्य उपस्थित थे।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर, सोमवार 16 सितंबर 2024
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## कलिंगा विश्वविद्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया हिन्दी दिवस

**विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से मोह लिया सबका मन**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रति वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है ताकि इस अवसर को याद किया जा सके और हिंदी भाषा के प्रसार और विकास पर जोर दिया जा सके। 14 सितंबर 1949 को हिंदी को भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई थी। यह दिन हिंदी की समृद्ध साहित्यिक विरासत और भारत के कई भाषाई अल्पसंख्यकों को एक साथ लाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का जश्न मनाता है।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत शहीद वीरनारायण सिंह शोधपीठ के तत्वावधान में हिन्दी दिवस समारोह पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार और शासकीय नवीन महाविद्यालय, तामासिवनी के प्राचार्य डॉ.आनंद शंकर बहादुर उपस्थित थें। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ. आनंद शंकर बहादुर, डॉ. लिंसी रॉय- कलिंगा विश्वविद्यालय की उप कुलसचिव और एचआर विभागाध्यक्ष, डॉ. अभिजीत शर्मा- कलिंगा इनक्यूबेशन सेंटर के सीओओ, डॉ. शिल्पी भट्टाचार्य- कला एवं मानविकी संकाय की अधिष्ठाता, लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर- छात्र कल्याण प्रकोष्ठ की प्रभारी अधिष्ठाता और डॉ. विनीता दीवान- अंग्रेजी विभाग की सह प्राध्यापक की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम चरण में कलिंगा विशवविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा %जंगल में औरत% (संगीत नाटिका) का प्रदर्शन किया गया। जिसमें महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचारों पर संदेशपरक नाटक का प्रदर्शन किया गया। शानदार तरीके से इस सजीव प्रदर्शन ने समस्त दर्शकों का मन मोह लिया। इसी क्रम में विद्यार्थियों के द्वारा फकरु के अरमान (हास्य नाटिका) का प्रदर्शन किया गया। जिसकी बेहतरीन प्रस्तुति से सभागार में उपस्थित सभी दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। इन दोनों नाटकों का निर्देशन फिल्म निर्माण विभाग के विद्यार्थी गर्व शर्मा ने किया था।

गीत-संगीत की प्रस्तुति बीए की विद्यार्थी सुश्री कनक परमानंदानी, पार्थ दूबे (विधि विभाग), सुश्री रुद्राणी आचार्य (कॉमर्स एवं मैनेजमेंट) और श्री दीपेन शाह (कम्प्यूटर साईंस) ने किया। प्रस्तुत दोनों नाटकों में गर्व शर्मा, अनिसा मोहंती, अनमोल पांडेय, पार्थ दूबे, कनक परमानंदानी, रुद्राणी आचार्य, आस्था साहू, अनंता कुमारी, प्रशंसा पटेल, आयुषी कुमारी, पूर्वा लहरे, सोनालिका मोंटीरियो, शिवम कुमार, आदित्य राय, कुनाल सिंह, विपुल कुमार सिंह, ओम सिन्हा ने अपनी अभिनय कला का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में हिन्दी कविता पाठ और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 52 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक के रुप में कलिंगा विश्वविद्यालय की उप कुलसचिव और एचआर विभागाध्यक्ष डॉ. लिंसी राय, कलिंगा इनक्यूबेशन सेंटर के सीओओ डॉ. अभिजीत शर्मा एवं अंग्रेजी विभाग की सह प्राध्यापक डॉ. विनीता दीवान उपस्थित थीं। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर फार्मेसी विभाग की विद्यार्थी सुविज्ञा भारद्वाज रहीं। जबकि दूसरे स्थान पर बायोटेक्नोलॉजी विभाग की वर्तिका कुमारी और तृतीय स्थान पर आई.डी.विभाग के विद्यार्थी अमित कुमार पटेल रहें। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इंटीरियर डिजाइन डिपार्टमेंट की विद्यार्थी अक्शा अहमद रहीं, दूसरे स्थान पर सीएस एवं आईटी विभाग की महिमा अग्रहरि और तीसरे स्थान पर सीएस एवं आईटी विभाग की विद्यार्थी दीपाली रमन ने प्राप्त किया। सभी सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी, पुस्तक और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।साथ ही साथ सभी प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर प्रेरित किया गया।

## बलरामपुर जिले में 2 अति उच्च दाब पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

**सीएम साय के निर्देश पर पारेषण क्षमता में विकास का अभियान - आर.के. शुक्ला**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में विद्युत विकास का लाभ उपभोक्ताओं को शीघ्रता से प्रदान करने के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार उपकेन्द्रों के उन्नयन व क्रियाशील करने का अभियान छेड़ दिया गया है, जिसके तहत 14 सितंबर को बलरामपुर जिले में लगभग 10 करोड़ की लागत से 2 अति उच्च दाब उपकेंद्रों में 40-40 एमवीए पॉवर टांसफार्मर ऊर्जीकृत किये गए। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक ने आज बलरामपुर जिले में पहुंच कर राजपुर तथा बलरामपुर में पॉवर ट्रांसफार्ममरों को ऊर्जीकृत किया। पहले वे राजपुर पहुंचे, जहां 132/33केवी क्षमता के उपकेंद्र में 40 एमवीए क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया। इससे राजपुर, कुसमी, शंकरगढ़, बारियों, झिंगो, हस्ता, आदि 336गांवों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बढ़ेगी। इस कार्य की लागत 4करोड़ 6 लाख रुपये है। इसके पश्चात श्री शुक्ला विभागीय अधिकारीगण के साथ बलरामपुर के 132/33 केवी क्षमता अति उच्चदाब उपकेंद्र बलरामपुर पहुंचे, जहां 40 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया। इस कार्य की लागत 4 करोड़ 98 लाख रुपए है। इसके ऊर्जीकृत होने से 240 गाँवों की विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा।लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। इससे कृषि, उद्योग-धंधे तथा सामाजिक विकास के सूचकांकों में भी सुधार होगा। बलरामपुर जिले के विकास को गति मिलेगी वहीं प्रदेश स्तरीय पॉवर ग्रिड को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यअभियंतागण श्रीमती के.घाटे, श्री शिरीष सैलट, अधीक्षण अभियंतागण श्री सी. एम. बाजपेयी, श्री पी.एस.नेताम, श्री राजेन्द्र मिश्रा, श्री डी.एस.पटेल, कार्यपालन अभियंतागण पीके अग्रवाल, एससी भगत, जीआर जायसवाल, रंजना खलखो, आई के साय, ललित भगत, बीसी टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## बस स्टैंड बनने का रास्ता साफ होने के बाद लोगों के मन में सवाल, राजिम जिला कब बनेगा?

**राजिम ( विश्व परिवार )।** राजिम को जिला बनाने की बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक मांग अभी भी अटकी हुई है। क्षेत्र के जनता को बेसब्री से इंतजार है कि धर्मनगरी को शीघ्र जिला का दर्जा मिले। बताया जाता है कि यह मांग छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पहले की है। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय सांसद रहते हुए संत कवि पवन दीवान ने जोर-जोर से राजधानी भोपाल में जाकर सत्ता की गलियारों में आवाज बुलंद किया था। 1 नवंबर सन् 2000 को मध्यप्रदेश से अलग होकर पृथक छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया। तब छत्तीसगढ़ में मात्र 16 जिला थे अब बढ़कर इन 24 सालों में 33 जिला हो गए हैं, लेकिन अभी तक राजिम का क्रम नहीं आया है। इस बात को लेकर यहां की जनता बहुत चिंतित है। बताया जाता है कि संत कवि पवन दीवान कहा करते थे कि एक दिन राजिम जिला जरूर बनेगा। उन्होंने अपने जीवन काल में प्रमुख तीन बातें कहा करते थे कि छत्तीसगढ़ राज्य मध्य प्रदेश से पृथक होगा। मां कौशल्या की भूमि चंद्रखुरी विकसित होगी। यह दोनों काम तो अब तक हो चुका है लेकिन वह अपनी जन्म और कर्मभूमि को जिला के रूप में देखना चाहते थे। तब उनके पास पहुंचने वाले लोगों से भी कहा करते थे कि अब छत्तीसगढ़ राज्य बन गया है राजिम जिला जरूर बनेगा। सन् 2016 में संत कवि पवन दीवान ब्रह्मलीन हो गए, परंतु उनके राजिम जिले की सपना अब तक अधूरी रह गई है। उनके जाने के बाद यहां की जनता जोर-जोर से जिले की मांग को लगातार उठा रहे है। शायद आवाज जिला बनाने वाले तक ठीक से नहीं पहुंच पा रही है। पिछले पंचवर्षीय योजना में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान राजिम के रेस्ट हाउस में रुके हुए थे। पहले दिन मिलने पहुंचे नगर के लोगों ने भूपेश कका से राजिम को जिला बनाने की मांग रखी।

एनएमडीसी
NMDC

**एन एम डी सी लिमिटेड**
**बैलाडीला लौहअयस्क खदान : बचेली कॉम्पलेक्स**
जिला – दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) 494553

दिनांक 16.09.2024

**आवश्यक सूचना**

दंतेवाड़ा जिला में इस वर्ष औसत से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। भारी बारीश के कारण बैलाडीला क्षेत्र में सड़कों, नालों इत्यादि का बहुत नुकसान हुआ है। भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है तथा आम लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। एनएमडीसी का खनन क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। एनएमडीसी के बचेली खनन क्षेत्र में भी भारी बारिश के चलते बहुत नुकसान हुआ है। जगह-जगह लैंड स्लाइड के चलते खनन क्षेत्र में सड़क मार्ग अवरूद्ध हुआ है। बहुत सी जगहों पर चट्टान एवं मिट्टी के ढीला होने के कारण अभी भी लैंड स्लाइड होने का खतरा बना हुआ है। इसके अतिरिक्त भारी धुंध के कारण भी खनन क्षेत्र में खतरा बना हुआ है। अभी भी इस क्षेत्र में बारिश की संभावना बनी हुई है।

इन खतरों को मद्देनजर रखते हुये आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु विश्वकर्मा जयंती (17.09.2024) के दिन एनएमडीसी, बचेली के खनन क्षेत्र में बाहरी व्यक्तिओं एवं वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में जिला प्रशासन ने भी एक आदेश जारी किया है। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि इस संबंध में प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश के पालन हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

कार्मिक विभाग
एनएमडीसी बीआईओएम बचेली

## छत्तीसगढ़ के महापुरुषों पर आधारित कार्यशाला सम्पन्न, 60 से अधिक कलाकारों ने लिया भाग



**आरंग ( विश्व परिवार )।** शुक्रवार को चित्रोत्पला लोक कला परिषद द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से तैयार किए गए छत्तीसगढ़ के महापुरुषों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन पर आधारित लोकगीत, नृत्य नाटक आदि का मंचन, कुर्मी भवन, चंदखुरी फार्म में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शोभा यादव तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका श्रीमती प्रभा यादव ने की।विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्रीमती इंद्राणी वर्मा, युवा कुर्मी समाज के अध्यक्ष संतोष वर्मा, फुटकर व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्री मोहित वर्मा ने सहभागिता निभाई।दो दिवसीय यह कार्यशाला में लोक कलाकार राकेश तिवारी ने ग्राम चंदखुरी के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.अनंत राम बर्छिहा के जीवन पर आधारित गीत प्रस्तुत किया।लोक गायक महेश वर्मा ने भाँचा राम पर, प्रभा यादव ने पंडवानी शैली में माता कौशल्या पर तथा डाक्टर राधा बाई के जीवन चरित्र को जनमानस के बीच रखा।राजेंद्र साहू ने भरथरी गीत के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह के शौर्य को उजागर किया। वहीं बोडरा निवासी डाक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर ने शहीद वीरनारायण पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें प्रमुख कलाकार संत फरिकार, नरेंद्र यादव, हेमलाल पटेल, सविता तिवारी, मोहन साहू, रत्ना श्रीवास सहित 60 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 436 दिनांक 14.09.2024
वार्ड का नाम- जय बुढ़ादेव वार्ड
वार्ड क्र. 27 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **27** मांग **पंजी क्र. 369 युआईडी 25624** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **स्वेतांक झा/ जयंती झा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **अंकित चौरसिया / संजय चौरसिया** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **13-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 437 दिनांक 14.09.2024
वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउफ वार्ड
वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **28** मांग **पंजी क्र. 535 युआईडी 26214** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **राजेश अग्रवाल / नारायण अग्रवाल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **अनिल कटोच / प्रमोद चंद कटोच** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **13-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 438 दिनांक 14.09.2024
वार्ड का नाम- भारत माता वार्ड
वार्ड क्र. 30 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **30** मांग **पंजी क्र. 35 युआईडी 26763** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **बहरूराम देवांगन / तिजऊराम देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सीता देवांगन / स्व. बहरूराम देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **13-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 439 दिनांक 14.09.2024
वार्ड का नाम- इंदिरा गांधी वार्ड
वार्ड क्र. 34 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **34** मांग **पंजी क्र. 431 युआईडी 28834** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **राजकुमार ध्रुव / रघुनाथ ध्रुव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **अनुराग सिंह / बसंत सिंह ठाकुर** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **13-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 440 दिनांक 14.09.2024
वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउऊ वार्ड
वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **28** मांग **पंजी क्र. 837 युआईडी 38066** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **विनोद गुप्ता / स्व. शिवदास गुप्ता** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **निसार अहमद राईन/ हाजी अब्दुल सकुर** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **13-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./14184/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 14-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14184**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445D00432** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AJAY CHAWLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAN LAL CHAWLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. VANDANA ROHEDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHRI RINKU ROHEDA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14307/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 12-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14307**
**वार्ड का नाम-30-शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **30** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332A0111H** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJSHRI PATEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O KAMAL KUMAR PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती निधी अग्रवाल** पिता/पति श्री/श्रीमती **पति - श्री जयेश कुमार अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14306/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 12-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14306**
**वार्ड का नाम-30-शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **30** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332A0111G** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. SHIKHA BEHERA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O BACHAN BEHERA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री विजय अग्रवाल** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री हरीराम अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./14042/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 14-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14042**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **52** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N01311** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MS K R CREATIONS DWARA NAVIN NAGWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARJAS RAI NAGWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **आत्मानंद अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./14177/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 14-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14177**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445C00298** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT. NAZUL ANIL DAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SAMYAL DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRAMOD KUMAR TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI CHANDRA MOULI TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SAPATH PATRA RASID. MALMA BIKRINAMA**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./14061/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 14-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14061**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445N00045** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TEKCHAND DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PURNIMA DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LT. TEKCHAND DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **REGISTRY COPY MRITYU PRAMAN PATRA. TAX RASID**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./14128/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 14-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14128**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445C00136** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RATNA DEVI CHOUTHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. SHRI KUMAR CHOUTHWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. ANURADHA SHRIVASTAVA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHRI RITESH SHRIVASTAVA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./13848/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 14-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13848**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445Q00290** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NAMRATA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PAWAN SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SMT PRATIMA SWARNKAR 2. JUHI SWARNKAR 3. PRACHI SWARNKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. W/O SURESH SWARNKAR 2. D/O SURESH SWARNKAR 3. D/O SURESH SWARNKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./13696/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 14-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13696**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445N00161** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJAY PANJWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. P.R. PANJWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRI AANAD CHANDRAKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI SHIV KUMAR CHANDRAKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# मंत्री लखन लाल देवांगन ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में छात्रों को वितरित की साइकल

## शिक्षा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से बालिकाओं को लाभ के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा: उद्योग मंत्री देवांगन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** विष्णुदेव सरकार में बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का सीधा फायदा बालिकाओं को मिल रहा है, और इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उक्त बातें वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय, गोपालपुर में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत छात्राओं को कहा कि पैदल आने जाने की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण का निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का ही परिणाम है कि आज ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं साइकिल से स्कूल आना-जाना कर नियमित अध्ययन कर आगे बढ़ रही हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश प्रदान कर रही है जिससे बेटियां पढ़ लिखकर अपने परिवार के साथ क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए आगे बढ़े। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत वर्ष 2004-2005 में डॉ रमन सरकार के कार्यकाल में की गई थी, और तब से अब तक लाखों बालिकाओं को इस योजना के तहत साइकिल वितरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की नींव होती है, और इस योजना के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की स्कूल छोड़ने की दर में भी कमी आई है।उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह पहल की है, ताकि वे आसानी से स्कूल पहुंच सकें और उनकी शिक्षा में बाधा न आए। यह योजना न केवल उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद करती है, बल्कि उन्हें स्वावलंबी बनाने का एक प्रयास भी है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा जिले के सभी शासकीय स्कूलों के मरम्मत के लिए डीएमएफसे राशि स्वीकृत की जा चुकी है। स्कूलों में नाश्ते की भी शुरुवात हो चुकी है। स्कूलों की सभी बुनियादी सुविधाएं अच्छे ढंग से उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# एनटीपीसी-कोरबा पर मनमानी का आरोप धनरास में ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

### रोजगार की मांग पर अड़े युवा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के ग्राम धनरास में एनटीपीसी द्वारा संचालित राखड़ बांध से हो रही समस्याओं और रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के बैनर तले चक्का जाम और काम बंद प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव लक्ष्मीकांत कंवर के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा शामिल हुए। प्रदर्शन की जानकारी पहले ही शासन-प्रशासन को दे दी गई थी। इसको ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी प्रबंधन ने दर्री तहसीलदार की उपस्थिति में युवाओं से चर्चा के लिए अपने कार्यालय में बुलाया। बैठक के दौरान युवाओं ने अपनी 11 सूत्रीय मांगें प्रबंधन के समक्ष रखीं। प्रबंधन ने कुछ मुद्दों पर सहमति जताई, लेकिन रोजगार से संबंधित मांगों पर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया, जिससे ग्रामीण नाराज हो गए। प्रबंधन से रोजगार के मुद्दे पर कोई सकारात्मक जवाब न मिलने के बाद नाराज ग्रामीणों ने राखड़ बांध पर पहुंचकर वाहनों को रोक दिया और वहां चल रहे काम को बंद करवा दिया। इस विरोध प्रदर्शन के बाद एनटीपीसी प्रबंधन ने अपने कार्यालय के गेट पर सीआईसीएफ जवानों को तैनात कर दिया, जबकि ग्रामीण वहीं बैठकर नारेबाजी करते रहे। ग्रामीणों की मांगों के प्रति प्रबंधन ने कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे प्रदर्शन देर शाम तक जारी रहा। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारी युवाओं से चर्चा की। युवाओं ने उन्हें बताया कि एनटीपीसी प्रबंधन की मनमानी के कारण ग्राम के लोग समस्याओं का सामना कर रहे हैं, खासकर रोजगार से जुड़ी मांगों को बार-बार नजर अंदाज किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने प्रबंधन के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की बात कही। काफी देर बाद प्रबंधन के अधिकारी वहां पहुंचे, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई। अंतत: थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों से प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक करने की सलाह दी, जिसे अगले 1-2 दिनों में आयोजित करने की बात कही गई।

# चोर गिरोह के 9 आरोपी गिरफ्तार

**कबीरधाम(विश्व परिवार)।** कबीरधाम पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने चोर गिरोह के 9 आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आरोपियों के पास से करीब 16 लाख 99 हजार 700 रुपए कीमत के सामान जब्त किए गए है। यह मामला बोड़ला थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी पोंड़ी का है। एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि इसी माह 9 सितंबर को एक राइस मिल के मालिक चंद्रकांत चंद्रवंशी ने पुलिस चौकी पोंड़ी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि उनके मिल से 80 बोरी धान चोरी हुआ है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू किया गया। जांच के दौरान राइस मिल में लगे सीसीटीवी का अवलोकन करने पर एक पिकअप वाहन 7 सितंबर की रात तीन बजे मिल के अंदर से बाहर निकलता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद ग्राम मानिकपुर का ईश्वर चंद्रवंशी अपने बाइक से दो व्यक्ति मिल की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। इन्हे संदेह के आधार पर पुलिस ने पूछताछ किया। तब इन लोगों ने बताया कि मिल में चोरी करने के लिए ग्राम पोंड़ी के शिवकुमार लांझी से डूप्लीकेट चाबी बनाकर चोरी करना किया है। ईश्वर चंद्रवंशी के निशानदेही पर अन्य आरोपी मनहरण चंद्रवंशी, यशवंत चंद्रवंशी, तिलक साहू, नंदू केवट, सुनील चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, देवकुमार साहू, दुर्गेश साहू को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों द्वारा पूर्व में कई चोरी की वारदात को अंजाम देना बताया है। इनके निशानदेही पर चोरी किए गए 174 बोरी धान 69.6 क्विंटल कीमत 1 लाख 39 हजार 200 रुपए, दो पिकअप वाहन कीमत 13 लाख रुपए, 8 नग मोबाइल को जब्त किया गया है।

# सीएमडी मिश्रा कुसमुंडा खदान पहुंचकर ली खनन गतिविधियों की जानकारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा कुसमुंडा खदान पहुंचे। कोरबा के समीक्षा बैठक के बाद वे सीधे मेगा प्रोजेक्ट पहुँचे । उन्होने व्यू-पॉइंट से खनन एवं ओबी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। कोर टीम से चर्चा करते हुए उन्होने खदान की उत्पादन-उत्पादकता की समीक्षा की एवं इसमें वृद्धि लाने के लिए टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने हॉल रोड तथा खदान के अन्य कोयला परिवहन मार्गों का निरीक्षण किया। वे साइडिंग पहुँचे और डिस्पैच एवं कोयला भंडारण व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। कुछ रोज पहले हीं, कुसमुंडा खदान के पिछले दौरे के दौरान सीएमडी डॉ मिश्रा ने टीम को हॉल रोड एवं साइडिंग से बड़े बोल्डर आदि को हटाकर बेहतर रखरखाव के लिए निर्देशित किया था। इस बार के दौरे के दौरान टीम द्वारा सर के निर्देशानुसार साइडिंग एवं हाल रोड से बोल्डर आदि हटाकर इसका बेहतर रख-रखाव सुनिश्चित किया गया। खनिक साथियों की इस मेहनत के लिए सीएमडी डॉ मिश्रा ने डोजर ऑपरेटर, स्टाफसुपरवाइजर सहित पूरी टीम का मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया और आगे भी इसी तरह साइडिंग को बेहतर तरीके से मेंटेन करने के लिए प्रोत्साहित किया। खदान के कामगार साथी व कर्मचारीगण सीएमडी एसईसीएल के स्नेह और प्रोत्साहन से भाव विभोर हो उठे ।

# बिलासपुर सिम्स की बदइंतजामी ने ली अधेड़ की जान

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** एक बार सिम्स की बदइंतजामी ने एक अधेड़ की जान ले ली, हार्ट अटैक आने के बाद भी आपातकालीन में उसकी जांच नहीं की गई। उसे यह कहा दिया गया कि ओपीडी शुरू होने वाली है, डाक्टर को दिखा देना, वही इलाज करेंगे, लेकिन इससे पहले ओपीडी पर्ची कटवा लेना। इधर हार्ट पेन से कहराते हुए अधेड़ को सवा घंटे तक इधर उधर घूमना पड़ा और अंत में उसकी मौत हो गई। जबकि सिम्स में गंभीर मरीजों के लिए आपातकालीन और ट्राइएज यूनिट का संचालन किया जा रहा है, जहां गंभीर मरीजों का इलाज किया जाना होता है, लेकिन इस मामले में इलाज मिलना तो दूर की बात है, उसे पर्ची कटवाने के नाम से घुमाया जाता रहा और अंत में उसकी मौत हो गई, यदि समय पर अधेड़ को इलाज मिल जाता तो उसकी जान बच सकती थी। यह मामला सिम्स की बदहाल चिकित्सकीय व्यवस्था को उजागर करता है। तालापारा में रहने वाले 59 वर्षीय शमसाद हुसैन पिता मोहम्मद हुसैन को शुक्रवार की सुबह से ही सीने में दर्द उठने लगा और दर्द धीरे-धीरे बढ़ने लगा और उसे पसीना आने के साथ ही घबराहट भी होने लगा। तब उसने अपने बेटे को कहा कि तबीयत ठीक नहीं लग रही है, अस्पताल चलते है, ऐसे में सुबह आठ बजे वे सिम्स पहुंचे और सीधे आपातकालीन में पहुंच गए, जहां पर जुनियर डाक्टर ड्यूटी में थे, तब शमसाद हुसैन ने बताया कि सीने में सुबह से ही दर्द उठ रहा है और बेचैनी लगने के साथ पसीना भी निकल रहा है, जो हार्ट अटैक के लक्षण थे, लेकिन मौजूद स्टाफ ने उनकी जांच करना भी सही नहीं समझा और यह कह दिया गया कि एमआरडी (मेडीकल रिकार्ड डिपार्टमेंट) में जाओ और वहां से ओपीडी पर्ची कटवा लेना, सुबह नौ बजे ओपीडी शुरू होगा तो डाक्टर को दिखाना, वही जांच करेंगे। यह बात सुनकर शमसाद हुसैन अपने बेटे के साथ एमआरडी में आया, उस समय भी उसके सीने में दर्द उठ रहा था, उसके बाद लाइन में खड़े होकर उसने इसी हालत में ओपीडी पर्ची कटवाई। इसके बाद तीसरे तक में स्थित ओपीडी में पहुंचकर डाक्टर का आने का इंतजार करने लगा। सुबह नौ बजे जब डाक्टर ने उसकी जांच करने के बाद फौरन ईसीजी कराने को कहा। तब वह अपने बेटे के साथ ईसीजी कराने के लिए पहुंच गया, ईसीजी कक्ष में बताया गया कि जांच कराने के लिए पहले 50 रूपये की पर्ची कटवानी पड़ेगी, तब उसने कहा कि आप ईसीजी करे, मेरा बेटा पर्ची कटवाकर ला रहा है, लेकिन कर्मी नहीं माने और पर्ची कटवाने की बात कही। ऐसे में फिर से शमसाद को एमआरडी सेक्शन में आना पड़ा और पर्ची कटवाने लाइन में लग गया।

# जनसमस्या निवारण शिविर का लाभ उठाएं ग्रामीण - विधायक

### सपलवा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों को वितरित की गई सामग्री

### शिविर में प्राप्त कुल 525 आवेदन में से 250 का मौके पर हुआ निराकरण




**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन पाली ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम सपलवा में आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि विधायक पाली-तानाखार श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम ने ग्रामीणों से कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं। ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इन शिविरों में आकर लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदाय की जाती है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासकीय अनुदान, सामग्री वितरित कर लाभान्वित किया जाता है। सपलवा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से उपस्थित ग्रामीणों के बीच जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। शिविर में कुल 525 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 250 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदन मांग तथा शिकायत संबंधी होने की वजह से आवेदन पर परीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। शिविर में कृषि विभाग के द्वारा किसानों को दो नग 03 हॉर्स पॉवर के पंप, मत्स्य विभाग द्वारा स्वसहायता समूह को आईस बॉक्स एवं जाल, महिला बाल विकास विभाग द्वारा शिशुवती माताओं को 08 सुपोषण टोकरी का वितरण किया गया। इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मांग करने वाले 10 हितग्राहियों को जॉब कार्ड वितरित किए गए। खाद्य विभाग के द्वारा 12 राशनकार्ड तथा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 05 आयुष्मान कार्डों का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यहां ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया गया है। ग्रामीण इस शिविर का लाभ जरूर उठाएं। यहां शासन की योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ ही अपनी समस्याओं का निराकरण भी संबंधित अधिकारी के माध्यम से करा सकते हैं। अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी ने कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्या के तत्काल निराकरण हेतु पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत सपलवा में आज जिले का जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में आमजनो द्वारा शिकायत और मांग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों द्वारा प्रस्तुत मांग संबंधी आवेदन क्षेत्र के विकास कार्यों से जुड़े हुए हैं। आवेदन एवं मांगों पर नियमानुसार परीक्षण कर कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अनाचार के आरोपी को 20 साल कैद की सजा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में नाबालिग को बहला-फुसला अपहरण कर ले जाने और उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करने के आरोप में कथित आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा से न्यायालय ने दंडित किया गया है। जानकारी के अनुसार कथित आरोपी पर आरोप हैं कि कोतवाली थाना क्षेत्र की एक नाबालिग पीड़िता को अपहरण कर विवाह करने के लिए विवश करने के आशय से शहर से अन्यत्र ले जाकर एक से अधिक बार बलात्संग किया। इस संबंध में पीड़िता की माता ने थाना कोतवाली में पीड़िता को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान गवाहों के कथन के आधार पर पीड़िता को कथित आरोपी के कब्जे से पठानकोट में बरामद किया। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराने पर चिकित्सक ने उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित होने की पुष्टि की। विशेष न्यायाधीश एफटी.एस.सी (पाक्सो) डॉ. ममता भोजवानी के द्वारा अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं दस्तावेजों का अवलोकन करने के पश्चात् न्यायालय में यह पाया गया कि कथित आरोपी ने नाबालिग पीड़िता को उसके माता-पिता या वैध संरक्षक के सहमति के बिना ले जाकर अपहरण करने, पीड़िता को नाबालिग होना जानते हुए उसके साथ बलात्सँग करने का दोषी है। उसको इस विशेष न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी के द्वारा धारा 366, आईपीसी में 7 वर्ष एवं 3000 रुपए अर्थदंड, धारा 376 (2) (1) 376 (3) आईपीसी एवं पाक्सो अधिनियम की धारा 5 (8) सहपठित धारा 06 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 रुपए का अर्थदंड से दंडित किया गया है। साथ ही न्यायालय के द्वारा अर्थदंड की राशि पीड़िता को प्रदान करने का भी निर्णय पारित किया गया है। इस प्रकरण में अरुण कुमार ध्रुव विशेष लोक अभियोजक के द्वारा अभियोजन की ओर से पैरवी की गई।

### निर्धारित स्थान पर ही करें मूर्ति विसर्जन- निगम आयुक्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम ने विभिन्न समितियों व लोगों से कहा है कि वे निर्धारित स्थान पर ही गणेश मूर्तियों का विसर्जन करें। अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने निगम के अधिकारियों के साथ स्थलों का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता यशवंत जोगी सहित निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में सम्पन्न शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार भगवान श्रीगणेश, भगवान विश्वकर्मा एवं माँ दुर्गा की मूर्ति विसर्जन हेतु स्थल निर्धारित किए गए हैं। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सभी विसर्जन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था, पहुंच मार्ग, सफाई व्यवस्था, बेरिकेटिंग, मूर्ति विसर्जन स्थल निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था आदि से जुड़ी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। निगम द्वारा सभी विसर्जन स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आज अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने अधिकारियों के साथ विसर्जन स्थलों का दौरा किया, वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। सर्वसामान्य से कहा गया है कि वे सही जगह पर विसर्जन करें। निर्धारित विसर्जन स्थलों के अनुसार सर्वमंगला मंदिर के पास नदी घाट के समीप, श्री राम मंदिर के पास बालको नाला, सर्वेश्वर मंदिर के पास नदी घाट के समीप, पम्प हाउस नदी घाट के समीप एवं राताखार नदी घाट के समीप स्थल निर्धारित हैं।

### शासकीय कार्य में लापरवाही सहायक शिक्षक निलंबित

**कोरिया(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कोरिया चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला अधिकारियों द्वारा शैक्षिक संस्थानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 सितंबर को सुदूर वनांचल विकासखंड सोनहत के शासकीय प्राथमिक शाला जोगिया का जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक बहादुर राम बघेल 17 अगस्त 2024 से बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार अनुपस्थित पाए गए। शाला प्रबंधन के समिति के सदस्य एवं छात्र छात्राओं के पालकों के द्वारा बताया गया कि सहायक शिक्षक श्री बघेल शाला में नियमित नहीं आते है इससे विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है एवं उन पर दुष्प्रभाव पढ़ रहा है। श्री बघेल का कृत्य प्रथम दृष्टयता गंभीर कदाचरण में पाया गया जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1965 के नियम 3 के विपरीत होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपिल) नियम 1966 के नियम 9 के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला जोगिया के सहायक शिक्षक बहादुर राम बघेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में कार्य इनका वर्तमान मुख्यालय विकासखंड सोनहत के शिक्षा अधिकारी कार्यालय में निर्धारित किया जाता है।

## संपादकीय

### छात्र समुदाय का प्रतिरोध उचित...

किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिले के लिए राजनीतिक विचार-विमर्श में भाग ना लेने की शर्त कैसे थोपी जा सकती है? किसी विरोध में भाग ना लेने का वचन दाखिले से पहले ही कैसे लिया जा सकता है? भारत में अन्य स्थलों की तरह ही शिक्षा संस्थानों में भी असहमति या विरोध जताना जोखिम भरा हो चुका है, यह आम तुजर्बा है। लेकिन पूर्व शर्त के तौर पर दाखिले से पहले इस पर हामी भरवाना एक नई घटना के रूप में सामने आया है। इसे इस रूप में भी कहा जा सकता है कि अभी तक जो चलन व्यवहार में था, उसे अब लिखित एवं औपचारिक रूप दिया जा रहा है। खबर मुंबई स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टिस) से है। वहां लागू नए हॉनर कोड के तहत छात्रों को दाखिले से पहले यह वचन देना होगा कि वे किसी राजनीतिक और व्यवस्था विरोधी गतिविधियों तथा देशभक्ति विहीन चर्चाओं आदि में हिस्सा नहीं लेंगे। वे ऐसे प्रदर्शनों या धरना आदि में भाग नहीं लेंगे, जिनसे संस्थान के शैक्षिक वातावरण में रुकावट पड़ती हो। हॉनर कोड पर दस्तखत की रवायत 2017 में शुरू की गई थी, जिसमें अब नई शर्तें जोड़ी गई हैं। टिस एक मानित (डीम्ड) विश्वविद्यालय है। इसकी फंडिंग का एक बड़ा हिस्सा टाटा ग्रुप से आता है। इस संस्थान ने भारत में जातीय एवं अन्य अस्तमिता आधारित विमर्श को फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। इससे जनमत के एक बड़े हिस्से में यह धारणा बनी कि यह प्रगतिशील विचारों का वाहक संस्थान है। मगर देश में बदले माहौल का असर वहां भी हुआ। हाल के वर्षों ऐसे कई घटनाएं हुई हैं, जिनसे पुरानी धारणा को चोट पहुंची। बहरहाल, ये सवाल सिर्फ किसी संस्थान विशेष का नहीं है। मुद्दा यह है कि एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी उच्च शिक्षा संस्थान में दाखिले के लिए राजनीतिक विचार-विमर्श में भाग ना लेने की शर्त कैसे थोपी जा सकती है? साथ ही किसी विरोध में भाग ना लेने का वचन दाखिले से पहले ही कैसे लिया जा सकता है? आखिर किसी भी संस्थान में, कभी कोई ऐसा मसला खड़ा हो सकता है, जिसका विरोध करना छात्र जरूरी समझें। विरोध की हर गतिविधि से सामान्य वातावरण में बाधा आती है। इसलिए हॉनर कोड की नई शर्तों के प्रति छात्र समुदाय का प्रतिरोध उचित है। बेहतर होगा कि प्रशासन इन्हें तुरंत वापस ले ले।

## सहकारी क्षेत्र में नई जान फूंकेगी प्राथमिक कृषि ऋण समितियां

श्री शाजी के वी, अध्यक्ष, नाबार्ड





दुनिया भर में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025' के स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये PACS अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालाँकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी। गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (NCUI) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की। सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में PACS के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने क्ष्ट्स के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। PACS की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे - बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, PAN कार्ड और IRCTC/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक PACS ने ग्रामीण नागरिकों को ष्टस्ष्ट सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (PMKSK), जल समितियों, LPG वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (FPO) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। PACS अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (PMBJAK) के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास PACS की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं। सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 PACS का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक PACS को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ERP) सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। PACS के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (CAS) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (MIS) से संचालन में एकरूपता आएगी। इससे PACS संचालन में जनता का विश्वास बढ़ेगा।

सहकारिता क्षेत्र में हुई अनूठी पहलों से यह क्षेत्र अब नए आत्मविश्वास के साथ पूरे देश में संगठित रूप में काम कर रहा है, जो इसके लिए बहुत फायदेमंद है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार, सहकारी समितियों के बीच सहयोग (Cooperation amongst Cooperatives) एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए ज़रूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी।

सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में 'विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम' है। इस योजना का उद्देश्य PACS स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयाँ और अन्य कृषि अवसंरचनाएँ बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (AIF), कृषि विपणन अवसंरचना (AMI), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (SMAM), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (PMFME) आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। इससे खाद्यान्न की बर्बादी और परिवहन लागत में कमी आएगी, किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे और विभिन्न कृषि जरूरतों को PACS स्तर पर ही पूरा किया जा सकेगा।


चूंकि PACS ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। क्ष्ट्स से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है, वहीं इससे करीब 1 लाख PACS से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

## आलेख

### मैं और मेरे पन का त्याग ही उत्तम आकिंचन्य धर्म

उत्तम आकिंचन्य धर्म :जीवन की सारी यात्रा एकाकी है

-डॉ. सुनील जैन






जीवन की यात्रा अकेले अकेले , चुपचाप चुपचाप नदी की तरह करनी होगी । जैसे नदी बिना किसी की प्रतीक्षा किये , बिना किसी से बातचीत किये , समर्पित भाव - भाषा में एक लक्ष्य बनाकर चलती है , ठीक वैसे ही हमें जीवन की यात्रा करनी होगी । तब कहीं जाकर के विशाल धर्म के सागर से हमारी मुलाकात होगी और हम उसमें मिलकर / मिटकर स्वयं सागर बन जाओगे । सागर -सी इस अनन्त सत्ता को पाने के लिये बहुत कुछ विचार करने की जरूरत है । जीवन के अन्तरंग तत्त्व का स्पर्श करने की जरूरत है। आज का यह धर्म बताता है कि निर्विकल्प निर्द्वंद्व एकाकी आत्मा की अनुभूति में उतरना पड़ता है।'मैं' और 'मेरे पन' का त्याग ही उत्तम आकिंचन्य धर्म : आकिंचन्य धर्म आत्मा की उस दशा का नाम है जहां पर बाहरी सब छूट जाता है किंतु आंतरिक संकल्प विकल्पों की परिणति को भी विश्राम मिल जाता है। बाहरी परित्याग के बाद भी मन में 'मैं' और 'मेरे पन' का भाव निरंतर चलता रहता है, जिससे आत्मा बोझिल होती है और मुक्ति की ऊर्ध्वगामी यात्रा नहीं कर पाती। जिस प्रकार पहाड़ की चोटी पर पहुंचने के लिए हमें भार रहित हल्का होना जरूरी होता है उसी प्रकार सिद्धालय की पवित्र ऊंचाइयां पाने के लिए हमें अकिंचन, एकदम खाली होना आवश्यक है। जहां पर भीड़ है, वहांपर आवाज, आकुलता और अशांतिहै किंतु एकाकी एकत्व के जीवन में न कोई आवाज है और न कोई आकुलता और न अशांति। आज का यह धर्म जीवन की यात्रा को एकाकी आगे बढ़ाने का धर्म है जिसमें अपने और पराए का भेद समझ कर निर्विकल्प निर्द्वंद्व एकाकी आत्मा की अनुभूति में उतरना पड़ता है। निर्विकल्प निर्द्वंद्व एकाकी आत्मा की अनुभूति : जिन्दगी की अर्थी में कोई कंधा देने वाला नहीं मिलेगा । इस शरीर से प्राण निकलने पर समाज के चार लोग आकर के फिर भी कंधा दे देंगे । राम नाम सत्य है, अरिहंत नाम सत्य है, कहने वाले मिल जायेंगे लेकिन जिन्दगी की अर्थी में कंधा देने के लिये तो तुम्हें खुद ही तैयार होना पड़ेगा । यह आकिंचन्य धर्म हमें इसी गहराई में ले जाता है । कोई नहीं किसी का साथी , सारी यात्रा एकाकी है । आज का यह धर्म जीवन की यात्रा को एकाकी आगे बढ़ाने का धर्म है जिसमें अपने और पराए का भेद समझ कर निर्विकल्प निर्द्वंद्व एकाकी आत्मा की अनुभूति में उतरना पड़ता है। सांझ घिरते-घिरते पक्षीगण एक तरुवर पर आकर विश्राम कर लेते हैं, किंतु सुबह होते ही अपने-अपने कार्य के लिए भिन्न-भिन्न दिशाओं में चले जाते हैं। ठीक इसी प्रकार संसार में हम सभी का निवास है। परिग्रह का परित्याग कर परिणामों को आत्मकेंद्रित करना ही अकिंचन धर्म की भावधारा है। जहां पर भीड़ है, वहांपर आवाज, आकुलता और अशांतिहै किंतु एकाकी एकत्व के जीवन में न कोई आवाज है और न कोई आकुलता और न अशांति ।हम जहां पर जी रहे हैं वह कर्तव्य तो करना ही है किंतु यथार्थता का बोध हमें रहना चाहिए। जिस प्रकार पहाड़ की चोटी पर पहुंचने के लिए हमें भार रहित हल्का होना जरूरी होता है उसी प्रकार सिद्धालय की पवित्र ऊंचाइयां पाने के लिए हमें अकिंचन, एकदम खाली होना आवश्यक है। यह आत्मा,संकल्प, विकल्प रूप कर्तव्य भावों से संसार सागर में डूबती रहती है।

आप अकेला अवतरे, मरे अकेला होय।
यूं कबहूं इस जीव का, साथी सगा न कोय।।

## बच्चों के अस्तित्व पर स्वच्छ भारत मिशन का प्रभाव

विनोद के. पॉल

स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक बुनियादी उपाय है। स्वच्छता से डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, कृमि संक्रमण एवं मलाशय संबंधी रोग जैसी जल-जनित बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण का खतरा कम हो जाता है। वर्ष 2012 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया था कि स्वच्छता में निवेश किए गए प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के एवज में स्वास्थ्य संबंधी लागत में कमी, अधिक उत्पादकता और असामयिक मौतों में कमी के रूप में 5.5 अमेरिकी डॉलर के बराबर का लाभ मिलता है। भारत में स्वच्छता का इतिहास बहुत पुराना है और इसकी शुरुआत उस सिंधु घाटी सभ्यता से होती है, जहां शौचालय निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाता था। हमारे शास्त्रों में कहा गया है- स्वच्छे देहे स्वच्छचित्तं, स्वच्छचित्ते स्वच्छज्ञानम्' यानी स्वच्छ शरीर में शुद्ध मन का निवास होता है और शुद्ध मन में सच्चे ज्ञान का निवास होता है। इस समृद्ध विरासत के बावजूद, व्यापक स्वच्छता की दिशा में भारत की यात्रा चुनौतियों से भरी रही है। वर्ष 1981 की जनगणना के समय तक, मात्र एक प्रतिशत ग्रामीण घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध थी। इस हकीकत ने भारत सरकार द्वारा विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों- केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, संपूर्ण स्वच्छता अभियान और निर्मल भारत अभियान- के शुभारंभ का मार्ग प्रशस्त किया। इन सभी कार्यक्रमों की सहायता से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता कवरेज 39 प्रतिशत तक पहुंच गया। दुनिया भर में होने वाले खुले में शौच का लगभग 60 प्रतिशत बोझ भारत पर था। यहां 50 करोड़ से अधिक लोग खुले में शौच करते थे। हमारी महिलाओं के सामने अधेरे में अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने और अपनी गरिमा एवं सुरक्षा बनाए रखने की दुविधा थी। इसी पृष्ठभूमि में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्षों में ग्रामीण भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने के लक्ष्य के साथ 2014 में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की शुरुआत की थी। भारत ने 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन पांच महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान, ग्रामीण स्वच्छता कवरेज बढ़कर शत-प्रतिशत हो गया। इस मिशन के तहत, 2014 से 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सार्वजनिक निवेश के साथ 11.7 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है।* यह महज परिसंपत्ति निर्माण की एक कवायद भर नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रव्यापी आंदोलन था जिसने व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित एक ठोस क्रांति के साथ बुनियादी ढांचे के विकास को मिलाकर एक अरब से अधिक लोगों को प्रेरित किया। इसकी पहचान एक जन आंदोलन के तौर पर थी और यह शायद व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित दुनिया की सबसे बड़ी कवायद थी। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, समुदाय के नेताओं, नागरिक समाज और सरकारी मशीनरी ने एकजुट होकर काम किया। स्वच्छता से जुड़े संदेश हर माध्यम से लोगों तक पहुंचे। मशहूर हस्तियों ने इस सामूहिक सुर में सुर मिलाया। ग्राम-स्तर के स्वयंसेवक (स्वच्छाग्रही) ज़मीनी स्तर पर परिवर्तन के चैंपियन बन गए। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों, बैठकों, मन-की-बात' में किए जाने वाले वार्तालापों और स्थानों एवं परिसरों की सफाई के आदर्श कार्यों के माध्यम से देश का नेतृत्व किया और लोगों को प्रेरित किया। एसबीएम चरण-1 की सफलता के बाद, चरण-2 की शुरुआत की गई। इस चरण का उद्देश्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, परिदृश्य स्वच्छता और समग्र ग्रामीण स्वच्छता के व्यापक पहलुओं का समाधान करते हुए ओडीएफ संबंधी उपलब्धियों को बनाए रखना है। वर्ष 2024-25 तक, सभी गांवों को स्थायी तौर-तरीकों और बेहतर स्वच्छता की विशेषता से लैस ओडीएफ प्लस मॉडल में बदलने का लक्ष्य है। इस मिशन का अगला लक्ष्य संपूर्ण स्वच्छता है- जिसके लिए देश के प्रत्येक नागरिक, समुदाय और संस्थान की ओर से निरंतर समर्पण की आवश्यकता होगी। शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका नेचर' में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एसबीएम के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर शिशु मृत्यु दर को कम करने के मामले में। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण और शिशु मृत्यु दर' शीर्षक वाले इस अध्ययन में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) के रुझानों से संबंधित 10 वर्षों की अवधि (2011-20) में 35 भारतीय राज्यों और 640 जिलों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। लेखकों ने शौचालय की बढ़ती सुलभता और बाल मृत्यु दर में गिरावट के बीच एक मजबूत संबंध का दस्तावेजीकरण किया है। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि एसबीएम के बाद जिला स्तर पर शौचालयों की सुलभता में प्रत्येक 10 प्रतिशत अंक की वृद्धि से जिला स्तर पर आईएमआर में 0.9 अंक और यू5एमआर में औसतन 1.1 अंक की कमी आई है। एक सीमा प्रभाव का भी सबूत है, जिसमें जिला स्तर पर 30 प्रतिशत (और उससे अधिक) का शौचालय कवरेज आईएमआर में 5.3 अंक और प्रति हजार जीवित जन्मों पर यू5एमआर में 6.8 अंक की कमी के समतुल्य है। लेखकों का अनुमान है कि एसबीएम के कारण बड़े पैमाने पर शौचालय की सुलभता ने सालाना 60,000- 70,000 शिशु मृत्यु को रोकने में योगदान दिया है। हालांकि, यहां इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह मात्र प्रभाव संबंधी अध्ययन भर नहीं है, जो एसबीएम की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2018) के अनुसार, 2014 और 2019 के बीच डायरिया से होने वाली 3,00,000 से अधिक मौतों को रोकने में एसबीएम की अहम भूमिका रही है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (2017) ने बताया कि गैर-ओडीएफ गांवों की तुलना में ओडीएफ वाले इलाकों के बच्चों में वेस्टिंग के मामले 37 प्रतिशत कम थे, जो इस बात की पुष्टि करती है कि स्वच्छता कैसे बचपन के पोषण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

## राजनैतिक दलों में परस्पर सम्मान क्यों नहीं

अजय दीक्षित




पिछले दिन विनेश फोगट और पूनिया के कांग्रेस में शमिल होने पर भाजपा के प्रवक्ता कह रहे हैं कि पिछले साल पहलवानों का आन्दोलन बृजभूषण के खिलाफ कांग्रेस द्वारा प्रायोजित था । पहले भी खिलाड़ियों ने राजनैतिक दलों की सदस्यता ली है । गौतम गंभीर को सन् 2019 में दिल्ली से लोकसभा के लिए चुनाव लड़वाया गया था । राजवर्धन तो मंत्री भी रहे हैं । अनेक विभिन्न खेलों के खिलाड़ी किसी खास राजनैतिक दल के पक्ष में वक्तव्य दे चुके हैं । ज्यादातर खिलाड़ी सत्ता पक्ष के साथ रहते हैं । इससे उन्हें सुविधा मिलती है । यूं मोदी जी के कार्यकाल में खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहन मिला है । अब जीतने वाले खिलाड़ियों को करोड़ों में ईनाम मिलता है । विनेश फोगट के मन की टीस को कौन समझ सकता है । आज भाजपा, कांग्रेस तथा लेफ्ट पश्चिमबंगाल में हुये टेप काण्ड के बाद ममता बनर्जी का इस्तीफा मांग रहे हैं । क्या रेप घटना मात्र पश्चिम बंगाल में होती है? रोज तो किसी न किसी प्रदेश में ऐसी घटनाओं की खबर आती रहती है । भाजपा के एक मंत्री जो अपने को संत भी कहते थे, ऐसे आरोप सिद्ध होने के बाद त्यागपत्र दे गये । कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ इन महिला पहलवानों ने घृणित आरोप लगाये हैं । तब इन प्रदर्शनकारियों के साथ कोई नहीं आया । पुलिस ने भी इनके साथ अन्याय किया । तो क्या इसका आक्रोश इन महिला खिलाड़ियों को नहीं होना चाहिए ? बृजभूषण का असर कम से कम पांच-छ्ः लोकसभा सीटों पर है तो ये अब भी भाजपा के सदस्य हैं ।असल में भारत में किसी भी राजनैतिक दल में आंतरिक स्वराज्य नहीं है । शायद सी.पी.एम. या सी.पी.आई. में हो । बी.एस.पी. में मायावती सर्वेसर्वा हैं । कांग्रेस में सोनिया गांधी सर्वेसर्वा हैं । खडगे तो नाममात्र के अध्यक्ष हैं । किसी मीटिंग में बीच की कुर्सी पर राहुल गांधी बैठते हैं । सपा में अखिलेश यादव सर्वेसर्वा हैं । लाल प्रसाद प्रसाद अपनी पार्टी के सर्वेसर्वा हैं । जे.डी.यू. में नितीश कुमार शिवसेना की एक गुट के सर्वेसर्वा शिंदे हैं । दूसरे गुट के उद्धव ठाकरे । सभी लोग परिवारवाद की आलोचना करते हैं परन्तु तृणमूल कांग्रेस में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक की चलती है । उद्धव ठाकरे का बेटा मंत्री रहा है । अभी हरियाणा में वहां कम से कम आठ-दस उम्मीदवार वहां के प्रभावशाली नेताओं के पुत्र, पुत्री, माता या अन्य रिश्तेदार हैं । अब तो पार्टी में दरी बिछाने वाले कहने लगे हैं कि भाजपा में भी अब पैराशूट प्रत्याशी उतारे जाते हैं यानि दूसरी पार्टी से आये प्रत्याशी । भाजपा में अंतिम निर्णय मोदी जी का ही है । गांधी जी के भाषणों की एक किताब नवजीवन प्रेस ने छापी है । उसमें एक जगह गांधी जी पूछते हैं कि कांग्रेस का अध्यक्ष तो खादी पहनता है और तीसरे दर्जे में सफर करता है परन्तु कुछ प्रांतों के प्रधानमंत्री (तब मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री कहते थे) विलायती कपड़े पहनते हैं और फर्स्ट-क्लास में सफर करते हैं यानि गांधी जी की नजर में पार्टी का अध्यक्ष मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री से बड़ा होता है । कल ऐसा किसी भी राजनैतिक दल में हैं आज भाजपा को भी मिलाकर । उन दिनों हिन्दू महासभा ने मुस्लिम लीग के साथ मिल कर सिंध, बंगाल आदि में सरकार बनाई थी ।आज भारत में किसी भी राजनैतिक दल में नेतृत्व की दूसरी कतार नहीं है । भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल और दिल्ली सिरदर्द है । दिल्ली में केजरीवाल के खिलाफ किरण बेदी को उतारा था, यह सोचकर कि वे भी अन्ना के आन्दोलन से निकलीं हैं । परन्तु मुख्यमंत्री तो क्या वे अपनी सीट भी नहीं जीत पाईं । असल में देश का भला तभी होगा जब राजनैतिक दल स्वयं की न सोचकर देश की सोचेंगे ।अनेक विभिन्न खेलों के खिलाड़ी किसी खास राजनैतिक दल के पक्ष में वक्तव्य दे चुके हैं । ज्यादातर खिलाड़ी सत्ता पक्ष के साथ रहते हैं । इससे उन्हें सुविधा मिलती है । यूं मोदी जी के कार्यकाल में खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहन मिला है । अब जीतने वाले खिलाड़ियों को करोड़ों में ईनाम मिलता है । विनेश फोगट के मन की टीस को कौन समझ सकता है । आज भाजपा, कांग्रेस तथा लेफ्ट पश्चिमबंगाल में हुये टेप काण्ड के बाद ममता बनर्जी का इस्तीफा मांग रहे हैं । क्या रेप घटना मात्र पश्चिम बंगाल में होती है? रोज तो किसी न किसी प्रदेश में ऐसी घटनाओं की खबर आती रहती है । भाजपा के एक मंत्री जो अपने को संत भी कहते थे, ऐसे आरोप सिद्ध होने के बाद त्यागपत्र दे गये । कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ इन महिला पहलवानों ने घृणित आरोप लगाये हैं । तब इन प्रदर्शनकारियों के साथ कोई नहीं आया । पुलिस ने भी इनके साथ अन्याय किया । तो क्या इसका आक्रोश इन महिला खिलाड़ियों को नहीं होना चाहिए ? बृजभूषण का असर कम से कम पांच-छ्ः लोकसभा सीटों पर है तो ये अब भी भाजपा के सदस्य हैं ।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, सोमवार 16 सितंबर 2024
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# सिद्धि का उपाय तप : आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव



**नांदणी/महाराष्ट्र ( विश्व परिवार )।** पर्वराज पर्युषण महापर्व पर आयोजित श्रावक साधना-संयम संस्कार शिविर में सम्बोधन करते हुए, अध्यात्मयोगी आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने धर्म सभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि- ज्ञान प्रकाशक है, तप शोधक है। तपस्या से आत्म-सिद्धि होती है। तप से कर्मों का क्षय होता है। तप से कषायें मंद होती हैं। तप सुख-शांति का श्रेष्ठ उपाय है। तप मुक्ति का साधन है। तप आनन्द का द्वार है।

जितना जितना हम संग्रह करेंगे, उतना-उतना कष्ट बढ़ेगा। संग्रह में दुःख है, संग्रह में पीड़ा है, संग्रह में वेदना है, संग्रह में चिन्ता है संग्रह में भय है, संग्रह में कलह है, संग्रह में ईर्ष्या है, संग्रह में भटकाव है, संग्रह में कामना है संग्रह में कषाय है, संग्रह में बंध है और बंध ही संसार सागर में भ्रमण का कारण है।

बाह्य और अंतरंग तप दो प्रकार के होते हैं। अनशन (उपवास) भोजन-पानी आदि सेवन का त्याग पूर्वक गुरुवाणी का पान करना, अनोदर (भूख से कम खाना), वृत्तिपरिसंख्यान, रस परित्याग, विविक्त शय्यासन और काय-क्लेश ये छह बाह्य -तप है। पापों का पश्चाताप रूप प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान ये छह भ्यन्तर तप हैं।

निस्वार्थ भावना से किया गया तप ही वास्तव में कल्याणकारी होता है। आकांक्षा सहित किया गया तप स्वर्ग तो पहुंचा सकता है, परन्तु वह कर्म शांति, मुक्ति का साधन नहीं है। संयम के साथ किया गया तप सर्वश्रेष्ठ है। आत्म- कल्याण के उद्देश्य से किया गया तप ही शान्ति का साधन है। सम्यक- उद्देश्य, आत्म-शुचिता, आत्म-सुख, आत्मानन्द के लिए किया गया तप ही हितकारी होता है।

साधना में मुद्रायों का विशेष महत्त्व होता है।शरीर साधना में सहायक है। प्राणायाम, योगा से तन स्वस्थ होता है और तत्त्व-चिंतन, आत्मध्यान से चेतन स्वस्थ होता है। तप साधना से तन व आत्मन् दोनों ही स्वस्थ होते हैं। तप करो, कर्म हरो। जप करो, सिद्धि प्राप्त करो। तप निर्जरा का साधन है। ज्ञान-ध्यान पूर्वक, राग-द्वेष के त्याग पूर्वक क्षमावान साधु के तप से धर्म का उद्योतन होता है। भोगों में शान्ति नहीं, योग में आनन्द है। भोग छोड़ो, योग धारण करो। दिगम्बर मुनिराज वर्षाकाल में वृक्ष के नीचे योग धारण करते हैं, ग्रीष्म की भीषण तपन में पर्वत पर सूर्य की ओर मुख करके आतपन योग धारण करते हैं और भीषण ठंडी में नदी तट पर योगधारण करते हैं। यह योग उनके कर्मों का क्षय कराता है। मुक्तिका साधन है।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

# त्याग धर्म : त्याग न सिर्फ अच्छे गुणवान कर्मों में वृद्धि करता है बल्कि बुरे कर्मों का नाश भी करता है

त्याग धर्म-शब्द से पता लग जाता है कि इसका मतलब छोड़ना है



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** पर्यूषण पर्व का आज आठवां दिन त्याग धर्म कहलाता है। त्याग धर्म-शब्द से पता लग जाता है कि इसका मतलब छोड़ना है। त्याग धर्म से अभिप्राय यह है -त्याग न सिर्फ अच्छे गुणवान कर्मों में वृद्धि करता है बल्कि बुरे कर्मों का नाश भी करता है। आज के श्री जी के शांति धारा करने का सौभाग्य जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जी निश्चल जैन जी एवं परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम चार कलश से श्री जी के अभिषेक करने का सौभाग्य टीकमगढ़ से आए हुए पंडित मनोज शास्त्री जी, अर्णव (प्रवीण जैन) सुजल (संदीप जैन) रितेश जैन को प्राप्त हुआ शाम की महा आरती करने का सौभाग्य.. श्रीमती राजकुमारी जी, प्रवीण रवि जैन आदि, अर्णव जैन को प्राप्त हुआ जैन समाज के उपाध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि आज उनकी माता जी का जन्मदिन है इस उपलक्ष में उन्होंने यह महा आरती ली। बाहर से आए हुए पंडित मनोज शास्त्री जी के मंत्रोपचार और धार्मिक गीत के साथ पूरा जैन समाज भक्तिमय आनंद में दिखाई दे रहा था। बलौदा बाजार जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जी जैन व सचिव अमित जैन ने बताया कि जैसे-जैसे हम 10 लक्षण पर्व के समापन की ओर बढ़ रहे हैं भीड़ दुगनी तिगुनी होती जा रही है। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि त्याग से ही सुख प्राप्त होता है मोह राग द्वेष का व अहंकार का त्याग करने से आत्मा को बल मिलता है।


आज सांस्कृतिक कार्यक्रम में जैन समाज के महिला मंडल ने भक्तांबर स्तोत्र पर एक कार्यक्रम रखा यह सबसे प्रसिद्ध जैन प्रार्थना है। 48 दीपों के साथ हुई भक्तांबर स्त्रोत की आराधना जिसमें जैन समाज के हर घर से एक दीपक जलाया गया जैन समाज परंपरा के अनुसार भक्तांबर स्त्रोत पढ़ने मात्र से जीवन में सुख शांति का अनुभव होता है इसका एक-एक छंद हर प्रकार की समस्या रोग, ग्रह कलेश, मानसिक शारीरिक पीड़ा को क्षण भर में दूर करने में समर्थ है जैन समाज में सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाला ग्रंथ है। इसे शुद्ध और सही पढ़ने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। **-विद्याधर तिवारी**

# स्वर्ण कलशों के लिए समाज ने दिया बढ़चढ़ कर दान, उत्तम त्याग धर्म पर आभूषणों, धन का किया त्याग




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पर्वाधिराज पर्यूषण अपने अंतिम सोपान की ओर है। जिसे लेकर जैन श्रावक आध्यात्मिक साधना, शुद्धि, तप करने के साथ-साथ धन, संपदा का बढ़चढ़कर दान देने में भी पीछे नहीं हैं। पर्यूषण पर्व के आठवें दिवस उत्तम त्याग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों की, भगवान की शांतिधारा, अभिषेक स्वर्ण कलशों के द्वारा करने के लिए अपनी गले के सोने की चेन, अंगुठियों सहित धनराशियों का दान देने की होड़ लगी रही। एकत्रित हुई दान सामग्री से स्वर्ण कलश तैयार करके पर्यूषण पर्व के आखिरी दिन अनंत चतुर्दशी को भगवान की शांतिधारा व अभिषेक किया जाएगा। कंटगी, जबलपुर से पधारे बाल ब्रह्मचारी अरूण भैया द्वारा उत्तम त्याग धर्म के अवसर पर विशेष संगीतमयी धार्मिक अनुष्ठान सोलहकारण पूजन, रत्नत्रय पूजन, दशलक्षण विधान, शांतिविधान कराए गए जिसमें श्रावकों ने भक्ति के साथ सम्मिलित होकर धर्म आराधना की। उत्तम त्याग धर्म की महिमा बताते हुए अरूण भैया ने कहा कि आहार, औषधि, ज्ञानदान, अभयदान सहित चार प्रकार के दान हैं जो उत्तम पात्रों मुनि, आर्यिका, ऐलक, क्षुल्लक आदि को देना चाहिए जिससे दान का प्रतिफल व महत्ता अत्यधिक बढ़ जाती है। गरीब, असहायों, जरूरतमंदों को भी दान देना चाहिए जोकि करूणा दान कहलाता है और पात्रानुसार फल देता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्याकालीन दैनिक श्रृंखला में लघु नाटिका करनी का फल का मंचन किया गया। जिसमें गरीब, दिव्यांग, साधु, माता, पति-पत्नि, खूबसूरत शरीर, अमीर, रोगी जैसी विभिन्न परिस्थितियों में जन्म लेने के कारणों को विविध पात्रों के माध्यम से खूबसूरती के साथ प्रदर्शित किया गया। सभी कलाकारों द्वारा शानदार प्रभावी प्रस्तुति दी गई। नाट्य कलाकारों में ऋचा, अंजलि, अमिता, अदिति, प्रिया, प्रियंका, श्रृद्धा, अमिता संघी, प्राची, डॉली, मीना प्रतिभा, अभिषेक शामिल थे। वहीं रविवार को दोपहर में 03 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए विशेष संस्कार महोत्सव व युवाओं के लिए कैरियर काउंसलिंग का कार्यक्रम अरूण भैया के सानिध्य में हुआ। जिसमें विशेष मंत्रोपचार के द्वारा 50 से अधिक बच्चों व युवाओं में जैन संस्कारों व जैन धर्म का बीजारोपण कर उन्हें बाल्यकाल से ही धर्म के प्रति अनुरक्त रहने की प्रेरणा दी गई। **-डॉ. मंजुला जैन**

# दशलक्षण धर्म के आठवें दिवस उत्तम त्याग धर्म : श्वांस लेना जितना जरुरी है, श्वांस छोड़ना भी उतना ही जरूरी है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** श्वांस लेना जितना जरुरी है, श्वांस छोड़ना भी उतना ही जरूरी है? शरीर के लिये भोजन करना जितना आवश्यक है, मल विसर्जन करना भी उतना आवश्यक है इस बात से प्रकृति यह संदेश दे रही है कि तुमने यदि जोड़ा है तो छोड़ना भी सीखो। उपरोक्त उद्‌गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने दशलक्षण धर्म के आठवें दिवस उत्तम त्याग धर्म पर उपदेश देते हुये व्यक्त किये उन्होंने कहा कि सभी को एक दिन इस जीवन को छोड़कर जाना है जब छोड़ना ही है तो आनंद के साथ छोड़ो उन्होंने कहा कि किसी को जब आप अच्छे कार्य में मदद करते हैं तो आपको कितनी खुशी मिलती है और यदि कहीं दस रुपया भी गिर जाऐ तो उसको खोजने की कोशिश करते हो मन बड़ा बैचेन हो उठता है। जब चीजें हमारे हाथ से छूटती है तो बड़ी तकलीफ होती है और जब हम चीजों को छोड़ते है तो आनंद से भर जाते है आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज छोड़ने और छूटने का अच्छा अंतर बताते हुये कहते है कि छोड़ने और छुड़ाने में उतना ही अंतर है जितना शौच करने में तथा उल्टी करने में होता है, अर्थात मल विसर्जन करने के बाद आप फ्रेस महसूस करते है क्यों कि छोड़कर आये और उल्टी हो जाये तो जी मचलता है। संत कहते है कि एक दिन तो सभी को छोड़कर जाना है। उन्होंने कहा जीवन यापन करने के लिये नहीं कमाते वल्कि कमाना ही आपका जीवन बन गया है जीवन यापन के लिये इतनी ज्यादा कमाई की जरूरत नहीं सारा जीवन जोड़ने में लगता है और ज्यादा जोड़कर छोड़कर कर जाओगे तो तुम्हारे बच्चे आपस में ही लड़ेगे। मुनि श्री ने एक कंजूस व्यक्ति का उदाहरण देते हुये कहा कि उसके पास गौ शाला के दान के लिये कमेटी के लोग पहुचे और उन्होंने सेठजी से कहा कि आप सिर्फ दान की शुरुआत कर दो आपको दैना नहीं पड़ेगा आपका नाम लिस्ट में सबसे ऊपर पांच लाख लिखा है उनका नाम सबसे ऊपर लिखा देखा तो सभी को आश्चर्य हुआ और लोगों ने बढ़चढ़कर दान दिया दूसरे दिन कमैटी के लोग सेठजी के पास गये तो सेठ ने उनका सत्कार किया और अंदर गये और पांच लाख का चैक प्रदान किया। मुनि श्री ने कहा कि जो व्यक्ति धन संपत्तियों से ज्यादा आसक्ति रखता है वह एक दिन निश्चित तौर पर सर्प की योनी में जन्म लेता है।एक पौराणिक कथा सुनाते कहा एक राजा को धन की आवश्यकता पड़ी और राजकोष से जब धन निकालने मंत्री कोषपाल गये तो देखा खजाने पर तो सांप की फुफकार सुन भाग आऐ लेकिन जब राजा खुद गये तो सांप फुफकार छोड़ एक तरफ बैठ गया।राजा को किमिच्छिक दान के लिये खजाने से धन की् आवश्यकता थीअचानक संत का आगमन हुआ राजा ने जब उनसे पूंछा तो संत ने कहा कि धन की अधिक आसक्ती ने ही तुम्हारे पिताजी को सांप बना दिया। मुनि श्री ने कहा कि धन कमाओ कमाने के लिये मना नहीं लेकिन उससे व्यामोह मत करो और किसी अच्छे कार्य में लगाते रहोगे तो तुम्हारा मन प्रफुल्लित रहेगा और तुम तुम्हारी संतान पाप के कार्यों से बची रहेगी धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया उत्तम त्याग के दिन श्री सम्मेदशिखर में बन रही आलोकित कृति गुणायतन के लिये कयी धर्मालू सज्जनों ने अपने दान की घोषणा कर अपने परिवार को गुणायतन से जोड़ा इस अवसर पर पाठशाला प्रणेता मुनि श्री निर्वेगसागर जी मुनि श्री संधान सागर जी महाराज तथा क्षुल्लक जी मंचासीन रहे। **-अविनाश जैन**

# राजनीति जब धर्म के अनुसार चलने लगती है तो रामराज की उम्मीद जग जाती है : मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज

### खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा- सागर में लघु भारत को देखकर मन गदगद हैं



**सागर ( विश्व परिवार )।** धर्म और राजनीति का सदियों से गहरा रिश्ता रहा है राजा दशरथ के दरवार में भी गुरु वशिष्ठ हुआ करतें थे मरियादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र जी को गुरु विस्वामित्र जी का नीतियों मिलती रहती थी भारतीय राजनीति धर्म के साथ हमेशा से चलती रही है राजनीति में धर्म होगा तो देश का विकास और उद्धार होगा और यदि धर्म में राजनीति होगी तो देश भी डूबेगा और भी भी विलुप्ता की ओर बढ़ जायेगा ना धर्मों धर्मिकेविना विना धर्मात्मा के धर्म नहीं चल सकता तो राजनीति भी विना धर्म के नहीं चल सकता विना धर्म के राजनीति मद मस्त हाथी की तरह होगी उस पर धर्म का अंकुश होना चाहिए आपके मंत्री आये है इनके पिता जी ठाकुर वीर सिंह को जानता हूं बहुत अच्छे आदमी के रूप में ख्याति थी ऐसे काम करें जीवन में जिससे लोग याद रखें लोगों की भलाई के लिए हमेशा काम करते रहना चाहिए उक्त आश्य केउद्गार भाग्योदय तीर्थ सागर में 31वे श्रावक संस्कार शिविर में मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

इसके पहले मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज हमारे बीच मध्यप्रदेश सरकार के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत देशभर से पधारे शिविरार्थियों को जय जिनेन्द्र करने आये है मंत्री जी आपने गृहनगर में सभी का अभिनन्दन कर रहे है खुशी की बात ये है कि शिविरो कि सृखला में पहली बार इतनी अधिक संख्या सागर शहर में देखने को मिल रही है आप चार वार के विधायक रहते हुए जैन समाज के हर कार्य में अतिरिक्त रुचि लेकर उसे प्रथमिकता से पूरा करते हैं आप जो इतनी बड़ी संख्या में शिविरार्थी देख रहे हैं ये कल परीक्षा के दौर से गुजरेंगे इन को ही जय जिनेन्द्र करने आए हैं ऐसे जन प्रतिनिधि का चातुर्मास कमेटी के अध्यक्षसतेन्द्रजैन सद्दू भइया स्वागत अध्यक्ष आशीष पटना महामंत्री राजकुमार मिनी राजेश जैन मुख्य संयोजक ऋषभ बांदरी कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र डबडेरा शिविर निर्देशक हुकुम काका दिनेश गंगवाल शिविर संयोजक साहिल डवडेरा सहित अन्य प्रमुख जनो ने शाल श्री फल स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया इस दौरान अंकित नेता प्रशांत सानोधा यश पहाड़ियां कमल जैन सुधीर गुरह डा दिनेश सिंघ ई प्रशांत गुरह का भी समिति द्वारा सम्मान किया गया

तीर्थ क्षेत्र ईश्वर वारा से दो किलोमीटर दूर जेरइ हमारा ग्रह ग्राम रहा इस तरह हमारा पूरा परिवार ईश्वर वारा तीर्थ क्षेत्र से जुड़ा है परम पूज्य राजस्थान में बहुत रहे और राजस्थान के किस्से पूरे देश में सुने जाते हैं मेरा सौभाग्य रहा मुझे आचार्यश्री विद्या सागर जी महाराज के दर्शन के साथ ही निकटता का सौभाग्य गौरव प्राप्त हुआ ऐसे भी अवसर आये की गुरु जी की कृपा कुछ कार्य करने के लिए आदेश रूप हुए इस शिविर की चर्चा बहुत सुनी एक ठोस एक भेस संस्कारो की शिक्षा से हमारे शहर का मान और सम्मान बढ़ेगा ऐसा मुझे पूरा विश्वास है इस दौरान अमित पंडरिया ने कहा कि जो इन चरणों में आ जाता है उसकी तरक्की निश्चित है मुकेश डाना ने कहा कि मंत्री जी के कोई वार फोन आये। **-विजय धुर्रा**

# आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज का 317वॉं जन्म महोत्सव मनाया गया

### देश के विभिन्न क्षेत्रों से गुरु भक्त परिवार पहुंचे, साध्वी सुमंगल प्रभा एवं साध्वी मंडल का सानिध्य मिला



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** आचार्य सम्राट श्री जयमल महाराज की 317 वी जन्म महोत्सव जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में मनाई गई छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से गुरु भक्त परिवार इस आयोजन में शामिल होने दुर्ग आए थे। सामायिक की साधना के साथ धर्म सभा की शान बड़ा रहे थे।

जयमल जी महाराज के जन्म से लेकर संयम साधना से जुड़े प्रेरणादायक संस्मरण नाटिका को श्रमण संध महिला मंडल ने जीवंत प्रस्तुति दी जिसे धर्म सभा में लोगों ने बेहद सराहा चिन्नई से आए गुरु भक्त श्री सज्जन राज महेता ने पुरस्कृत किया। मासक्षमण की तपस्या की ओर अग्रसर श्रीमती आशा सुराणा का अभिनंदन उनकी बेटी कुमकुम सुराणा ने किया ओर उन्होंने 9 उपवास करने का प्रण लिया।

आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज के जन्म महोत्सव पर आयोजित सभा में कमला सजन राज महेता कुमकुम सुराणा विनय पटवा गोलु गोलक्षा सिद्ध चंद लोढ़ा दिनेश लोढ़ा सोभा सांखला मधुराय सोनी, बसंत बोहरा सुधीर बाघमार ने जन्म महोत्सव पर अपने भाव रखे।

जय आनंद मधुकर रतन भवन की धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी डा सु मंगल प्रभा ने कहा आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज का जीवन तप त्याग धर्म ध्यान से ओत-प्रोत था मात्र तीन धंटे की सामायिक साधना के साथ उन्होंने प्रतिक्रमण पुरा किया था एसी कई धर्म साधना श्री जयमल जी महाराज ने की हे उनके जीवन को उदाहरण बना कर अपने जीवन को धर्म के क्षेत्र में जुड़कर आदर्श स्थापित किया जा सकता है।

आज के आयोजन को सफल बनाने में श्रमण संघ महिला मंडल श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल वर्धमान सेवा मंच सहित श्रमण संघ के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। श्रमण संघ द्वारा आयोजित आज के आयोजन में नेमीचंद श्रीमती स्वरुप देवी नाहर लाभार्थी परिवार थे। कार्यक्रम में आए अतिथियों को श्री जसराज जी पारख परिवार थे। जिन्होंने आज पांच सामायिक की साधना की उन्हें श्री भंवरलाल गोलु चेतन गोलक्षा परिवार ने चांदी के सिक्कों का वितरण किया। आज की सभा का संचालन मंत्री राकेश संचेती ने किया तथा आए अतिथियों का आभार प्रकट संध के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा ने किया आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती कविता रतन बोहरा रचिता श्रीश्रीमाल अरूणा रतनबोहरा रुचिता बाघमार परिधी मोदी पंकज बेगानी नितीन संचेती पदम छाजेड़ सोरभ रतनबोहरा के विशेष सहयोग रहा।

**-नवीन संचेती**

# सिद्धि तप की सफलता पर हुई अणाहारी अरिहंत की महानैवेद्य पूजा 'अखिलं मधुरम'



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 जारी है। सफलता पूर्वक संपन्न हुए 115 सिद्धि तप निमित्त जिनेंद्र भक्ति अनुष्ठान अखिलं मधुरम अणाहारी अरिहंत की महानैवेद्य पूजा रविवार को भक्तिमय वातावरण में की गई। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के विवेकानंद नगर की वसुंधरा पर हुए ऐतिहासिक शताधिक सामूहिक सिद्धि तप के निमित्त इस महापूजन का आयोजन परम पूज्य मुनिश्री जयपाल विजयजी म.सा., मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा., मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा., परम पूज्य साध्वीश्री रत्ननिधिश्रीजी म.सा., रिद्धिनिधिश्रीजी म.सा. आदि ठाणा के पावन निश्रा में महापूजन संपन्न हुआ।

अरिहंत परमात्मा की 114 प्रकार के विविध एवं विशिष्ट नैवेद्य केवल फल और मिठाई ही नहीं बल्कि अचार-मसाले-खड़े मसाले-शरबत-मुखवास आदि से

महानैवेद्य पूजा की गई। इन 114 प्रकार के विभिन्न तरह के नैवेद्य में वे सभी चीजें शामिल रही जिनके प्रति हमें आसक्ति है, जो चीज श्रावक के तौर पर खाते हैं, उन सारी चीजों को परमात्मा को चढ़ाया गया। मुनिश्री ने कहा कि श्रावक का पहला कर्तव्य है केवल फल मिठाई ही नहीं, घर में बनने वाली रसोई की पहली थाली परमात्मा को चढ़ाई जाए।

मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने कहा कि संसार परिभ्रमण का सबसे प्रमुख कारण पांच इंद्रियों की परवशता है। हमें प्रिय सुविधाओं का जो राग है, पांच इंद्रियों के जो विषय हैं, इन्हीं ने हमें संसार में बांध कर रखा है। पांच इंद्रियों में सबसे बड़ा शैतान रसनेन्द्रिय है। इसने अच्छे अच्छे को वश में कर रखा है। इसलिए इन इंद्रियों की आसक्तियों से मुक्त होना है तो सबसे पहले है तप का मार्ग है जो कठिन है जटिल है। आहार को छोड़ना सबसे जटिल कार्य है और दूसरा है आहार का समर्पण करना। जो चीज़ हम छोड़ नहीं सकते वैसी चीजों को परमात्मा को समर्पण कर देना। मुनिश्री ने कहा कि ऐसे अणाहारी पद की हमको प्राप्ति करनी पड़ती है, जिसमें एक ऐसी जगह जहां पर खाने के लिए कामना ना पड़े, खरीदना ना पड़े, संवारना, सजाना और बनाना ना पड़े, ऐसा जीवन होना चाहिए। **-रविशंकर शर्मा**

# पर्यूषण पर्व में रविवार को की गई भगवान पारसनाथ की विशेष पूजन-अर्चना

### दशलक्षण महापर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग को किया अंगीकार

### आत्मा को सोने की तरह तपना तप और उसमें से शुद्ध सोना निकालना त्याग है : पं. संतोष कुमार



**तालबेहट ललितपुर ( विश्व परिवार )।** सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित कसबे के दोनों जैन मंदिरों में पर्यूषण महापर्व आठ दिन से निरंतर धर्म प्रभावना हो रही है। रविवार को कसबे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अमन भैया सांगानेर के नेतृत्व और गंगाराम एन्ड पार्टी के मधुर संगीत में एवं वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में पं. संतोष कुमार ललितपुर के निर्देशन और हरिशंकर शर्मा एन्ड पार्टी के मधुर संगीत में भक्ति भाव के साथ सुबह नित्यमय अभिषेक के उपरांत विश्व शांति की मंगल कामना के साथ मंत्रोच्चार के मध्य शांतिधारा, पूजन विधान का आयोजन भव्यता के साथ किया एवं भगवान पारसनाथ की विशेष पूजन अर्चना के साथ उत्तम तप धर्म की आराधना की गयी। सायं काल की बेला में संगीतमय आरती के उपरांत शास्त्र प्रवचन के माध्यम से विद्वानों ने दसलक्षण धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। धर्म श्रेष्ठियों ने आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण कर ज्ञान दीप प्रज्वलित किया। पंडित संतोष कुमार जैन ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा आत्मा को सोने की तरह तपना तप और उसमें से शुद्ध सोना निकालना त्याग है। बिना त्याग के मानव जीवन व्यर्थ है, जिसने भी त्याग किया है वह महान बना और पूज्य हो गया। इस मौके पर सनत चौधरी, डॉ. महेन्द्र, देवेंद्र जैन, अरुण मोदी, पुष्पेंद्र कुमार, प्रवीन भंडारी, यशपाल जैन, श्रेयांश कुमार, कमलेश जैन, चक्रेश कुमार, सजल मोदी, अजय जैन अज्जू, शैलेश कुमार, रीतेश जैन, सुधीर कुमार, कपिल मोदी, प्रीतेश कुमार, हितेंद्र पवैया, वीरेंद्र कुमार, प्रदीप एड, सुशील मोदी, अरविन्द भंडारी, विकास जैन, जितेंद्र बड़ौरा, धरणेन्द्र जैन, विशाल पवा, रोहित कुमार, सौरभ जैन, आदेश मोदी, रुपेश कुमार, पंकज भंडारी, अनुराग, अभिषेक, आशीष, अंकित प्रिंस, मुकुल, पियूष, शानि, विनम्र, वैभव, रिंकू, सरल, पुनीत, अर्पण, पारस, अक्षत जैन सहित मंदिर समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। **-विशाल जैन**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर सोमवार 16 सितंबर 2024



# माकपा ने नगर पालिका कार्यालय का किया घेराव

## भाजपा सरकार के ऐसे तानाशाहीपूर्ण रुख से वार्डों का विकास कार्य ठप्प हो गया है

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में कोरबा नगर निगम को विभाजित कर बांकी मोंगरा नगर पालिका परिषद का गठन किया गया है। इस पालिका में कोरबा नगर निगम के निर्वाचित पार्षदों को छोडकर राज्य की भाजपा सरकार द्वारा भाजपा समर्थकों का मनोनयन कर दिया गया है, जो पूरी तरह से अवैधानिक है। भाजपा सरकार के ऐसे तानाशाहीपूर्ण रुख से वार्डों का विकास कार्य ठप्प हो गया है और पालिका क्षेत्र के रहवासी बिजली, सडक, पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे है और पालिका के जिम्मेदार अधिकारी उदासीन है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने इन समस्याओं की ओर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए आज नगर पालिका पर प्रदर्शन कर घेराव




किया तथा वार्ड 63 मोंगरा के प्रभावित गांवों दृ बांकी बस्ती, मड़वाढोढा, पुरैना, मोंगरा बस्ती, गंगानगर, अवधनगर के साथ सभी वार्डों में सडक मरम्मत, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, नाली मरम्मत जैसे मानवीय सुविधाओं से संबंधित विकास कार्यों को पूरा करने की मांग की। इस घेराव और प्रदर्शन का नेतृत्व माकपा पार्षद राजकुमारी कंवर ने किया। पालिका कार्यालय के दो घंटे तक नागरिक घेराव के बाद पालिका की सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो कार्यालय से बाहर आने के लिए मजबूर हुई। उन्होंने समस्याओं को सुना, ज्ञापन लिया तथा बांकी खदान के पास से मड़वाढोढा तक जर्जर सडक मरम्मत का कार्य तत्काल शुरू भी कराया। अन्य समस्याओं पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया।माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने भी आरोप लगाया है कि निर्वाचित पार्षदों को दरकिनार करके जिस तरह बांकी पालिका का गठन किया गया है उससे नगर सरकार की स्वायत्तता को ही चोट पहुंची है। उन्होंने कहा कि सत्ता की हवस में डूबी भाजपा अपने कृत्यों के जरिए अपना जन प्रतिनिधि चुनने वाली जनता जनार्दन का ही अपमान कर रही है। चूंकि मनोनीत पार्षद आम जनता के प्रति जिम्मेदार नहीं है, वार्डों में विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प है। माकपा नेता ने कहा है कि माकपा हमेशा से राजनैतिक भेदभाव से ऊपर उठकर पिछड़े वार्डों के विकास के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की पक्षधर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### चरित्र संदेह पर पति ने की पत्नी की हत्या

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले के शोभा थानाक्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करते हुए लकड़ी से मार-मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 13 सितंबर को अड़गड़ी थाना शोभा जिला गरियाबंद निवासी जगतुराम नेताम पिता सगरू राम उम्र 28 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के ही घुरवाराम नेताम ने अपने पत्नी अनीता नेताम की हत्या कर दी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी घुरवाराम को गिरफ्तार कर लिया। पुछताछ में आरोपीने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था जिसे लेकर उसका और पत्नी का अक्सर विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और उसने अपनी पत्नी अनीता पर घर में रखे गेंडी के लकड़ी से सर पर प्राणघात हमला कर दिया। हमले से अनीता की मृत्यु हो गई। आरोपी के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध हत्या की धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया जागरण का शुभारंभ

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** गणेश पूजा के शुभ अवसर पर शुक्रवार की रात में वार्ड क्रमांक 4-5 रामानुजगंज वॉर्डवासी की जन सहयोग से जागरण का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं विकास दुबे समाज सेवी ने भगवान गणेश को दीप जलाकर किया गया। जागरण में सोनभद्र जिला से गायक राम गुलाल बंबईया एवं गायिका पूजा कैमुरी ने गणेश वंदना के साथ जागरण का शुभारंभ किया गया।इस दौरान एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया गणेश पूजा कमेटी वार्डवासी कमेटी के विकास गुप्ता, बाबूलाल चौहान, पारस पांडे, राजीव सिंन्हा मनोज तिवारी, प्रमोद कश्यप, एस एस ठाकुर,पंकज पांडे जोलु पांडे, बबलू गुप्ता,बाबू ठाकुर, अंक्षय राज,छोटू पंडित ने कार्यक्रम में अहम योगदान दिया। वार्डवासी देर रात तक जागरण में झूमते रहे।

### देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा व सीएसपी महोदय राजनांदगांव पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर लालबाग पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त-पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में दिनांक 13/09/24 को थाना प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व पर थाना लालबाग स्टाफ जुर्म जरायम पतासाजी ग्राम भ्रमण पेट्रोलिंग पर देहात की ओर रवाना हुआ था की जरिये मुखवीर सूचना मिला कि आरोपी दुकालू राम पटौती बिहार पटना ढाबा के पीछे रिवागहन में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे है कि मुखबीर सूचना पर टीम रवाना होकर मौके पर जाकर समक्ष गवाहन घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी दुकालू राम पटौती पिता झरियार पटौती उम्र 59 साल पता ग्राम चमार राय टोला गांव,थाना लालबाग,जिला राजनांदगांव के कब्जे से 19 नग पौवा, 3.420 बल्क लीटर शोले देशी प्लेन शराब बिक्री रकम 120 रु को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ़ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से थाना लालबाग में धारा 34(1) आबकारी एक्ट, कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप सउनि शोभाराम बेरवंशी, आरक्षक राकेश, फगूराम की सराहनीय भूमिका रही।

### विधि विधान से की गई बलभद्र भगवान की पूजा अर्चना

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** ब्याहुत कलवार समाज के द्वारा कलवार समाज के कुल देवता भगवान श्री बलभद्रजी के पूजन उत्सव के अवसर पर बलभद्र भगवान की पूजा अर्चना विधि विधान से की गई। इस दौरान समाज के लोग बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बलभद्र भगवान की पूजा अर्चना के लिए समाज की ओर से मुख्य जजमान अमित गुप्ता एवं उनकी पत्नी सपना गुप्ता के द्वारा पूरे अनुष्ठान को पुजारी विनायक मिश्रा के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर संभागीय अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि बलभद्र भगवान की पूजा अर्चना समाज के द्वारा हर वर्ष भादों पक्ष के षष्ठी को मनाया जाता है लेकिन समाज के लोगों के द्वारा पूरे भाद्र पक्ष में जन्मोत्सव मानते हैं जिसमें समाज के सभी लोगों की सहभागिता रहती है। समाज के जिला अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष अमित गुप्ता सहित अन्य लोगों ने समाज के लोगों को एकजुट रहने एवं समय-समय पर सामाजिक कार्यों में सहभागी होने की अपील की।

# धरमजयगढ़ लौटा लोनर, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली राहत की सांस

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा, जांजगीर-चांपा तथा बिलासपुर जिले में उत्पात मचाकर वन विभाग एवं ग्रामीणों के नाकों में दम कर देने वाला खतरनाक लोनर हाथी धरमजयगढ़ लौट गया है। लोनर के अन्यत्र जाने से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार लोनर हाथी ने शुक्रवार की रात मूव्हमेंट किया और धीरे-धीरे जंगल के रास्ते कुदमुरा वन परिक्षेत्र की सीमा को पार कर धरमजयगढ़ जंगल में प्रवेश कर लिया। इसके पहले लोनर हाथी कटघोरा वनमंडल के चैतमा तथा कोरबा के बालको वन परिक्षेत्र में दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतारने के बाद पसरखेत करतला तथा कोरबा परिक्षेत्र के जंगल होते हुए कुदमुरा पहुंच गया था और वहां मौजूद दो हाथियों के दल में शामिल हो गया था। कुदमुरा में मौजूद हाथियों के साथ लगभग 48 घंटे रहने के साथ शुक्रवार की रात लोनर आगे बढ़ा और आज सुबह होने से पहले धरमजयगढ़ क्षेत्र जोवा जंगल पहुंच गया। लोनर हाथी के मूव्हमेंट के दौरान वन विभाग का अमला लगातार निगरानी करता रहा। जैसे ही उसने जिले की सीमा को पार किया, संबंधित वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को इसकी सूचना दी गई, जिस पर वहां का अमला अलर्ट हो गया है और लोनर की निगरानी में जुट गया है। लोनर हाथी के कुदमुरा क्षेत्र में रहने के दौरान वन विभाग द्वारा उसकी लगातार निगरानी ड्रोन कैमरे के जरिए की जाती रही। दो हाथी अभी भी कुदमुरा जंगल के कक्ष क्रमांक 1140 में जमे हुए हैं। जिनकी निगरानी जारी है।उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने का क्रम जारी है। यहां के कोरबी सर्किल में सक्रिय 48 हाथियों के दल ने बीती रात फिर खेतों में पहुंचकर धान की फसल को रौंद दिया है। हाथियों द्वारा लगातार खेतों में उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। वन विभाग के सीसीएफ बिलासपुर सर्किल प्रभात मिश्रा ने आज कोरबा पहुंचकर वन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली एवं विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा करने के बाद निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे। उन्होंने बालको परिक्षेत्र में कराए गए पौधरोपण के साथ ही अन्य कार्यों का निरक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस दौरान डीएफ्ओ अरविंद पीएम, एसडीओ द्वय आशीष खेलवार, सूर्यकांत सोनी व अन्य अधिकारी साथ थे।

# हमर लक्ष्य : राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए मॉक टेस्ट सम्पन्न

**कांकेर(विश्व परिवार)।** हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु जिला उत्तर बस्तर कांकेर के 608 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत सात हजार से अधिक छात्रों हेतु एनएमएमएससी परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया है। जिले में प्रारंभ से ही एनएमएमएससी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रधानाध्यापकों की बैठक लेकर सभी विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन कर तैयारी कराई जा रही है। विगत पांच वर्षों के प्रश्न पत्रों से तैयारी कराई जा रही है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को अगामी सत्रों में कक्षा 9वीं से 12वीं चार वर्षों तक प्रत्येक माह एक हजार प्राप्त होगा। इससे छात्र-छात्राओं को आगे अध्ययन में शैक्षणिक रूप से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। गत सत्र में जिले से 2023-24 में जिले के 526 छात्र चयनित हुए हैं। इस परीक्षा में प्रयास, आवासीय विद्यालय, एकलव्य, आश्रम, निजी विद्यालय के छात्र इस परीक्षा में भाग नही ले सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रारंभ से ही एनएमएमएससी परीक्षा हेतु बच्चों को तैयार किया जा रहा है, मॉक टेस्ट के माध्यम से छात्रों का आंकलन किया जा रहा है। एनएमएमएससी की परीक्षा दिसम्बर माह में एससीईआरटी द्वारा आयोजित किया जाएगा। एनएमएमएसई परीक्षा हेतु प्रधानाध्यापकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि इस परीक्षा हेतु चयनित छात्रों के आय, जाति प्रमाण पत्र तैयार नहीं हुए हैं, ऐसे छात्रों के प्रमाण पत्र तत्काल तैयार किया जाए।

# एसडीएम जयंत नाहटा ने किया रेस्टोरेंट का निरीक्षण

## अमानक सामग्री मिलने पर थमाया नोटिस

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयंत नाहटा ने अपने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय में संचालित साहू किचन एवं आन्विका रेस्टोरेंट का खाद्य मानकों की सुरक्षा जाँच अंतर्गत औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी को रेस्टोरेंट का गुणवत्ता पूर्वक संचालन करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में आन्विका रेस्टोरेंट के किचन में भंडारित सामग्रियों में कमियों पाई गई। जिसे तत्काल सुधार करते हुए निर्धारित मानक अनुरूप सामग्रियों का उपयोग हेतु निर्देश दिया गया। आन्विका रेस्टोरेंट किचन में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री पाई गई। जिसके संबंध में नोटिस जारी कर 07 दिवस में जवाब मांगा गया। इसके अलावा उन्होंने जिले में संचालित होटल एवं रेस्टोरेंट का संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन चेक करने और होटल एंड रेस्टोरेंट में कमी पाई जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए इसके साथ ही रेस्टोरेंट में वेज एवं नॉनवेज को अलग-अलग सेक्शन में करने को भीं कहा।

# शिक्षकों के गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखने की मांग को लेकर नवीन शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिला राजनांदगांव के शिक्षकों ने नवीन शिक्षक संघ के अगुवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत मतदान केन्द्रों में ओ.बी.सी. सर्वे एवं अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर सी.एल. मार्कण्डेय के हाथों ज्ञापन सौंपा। नवीन शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष छन्नू लाल साहू एवं सचिव अजय कड़व ने बताया कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव से जारी आदेश में राजनांदगांव विकासखण्ड से लगभग डेढ़ सौ से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी ओ.बी.सी. सर्वे में लगायी गई है। इसी तरह अन्य विकासखण्डों में भी प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं के शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य में झोक दिया गया है। इतनी अधिक संख्या में शिक्षकों की गैर शिक्षकीय कार्य में ड्यूटी लगने से प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों की व्यवस्था और पढने वाले विद्यार्थियों पर भी दिख रहा है। कई प्रधान पाठकों की भी ड्यूटी ओ.बी.सी. सर्वे में लगाया गया है। प्राथमिक शालाओं एवं मिडिल शालाओं में पहले से ही शिक्षकों की कमी हुई है। जाहिर है जुलाई, अगस्त एवं सितंबर का माह अध्ययन - अध्यापन की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। नवीन शिक्षक संघ के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांग प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं के शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखने एवं पूर्व में किये गये आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण के दिनों को अर्जित अवकाश में जोडने की मांग किया गया है। विदित हो कि पूर्ववर्ती सरकार के शासन काल में गर्मी की छुट्टियों में शिक्षकों से आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में सवे कार्य कराया गया था। गर्मी की छुट्टी के दिनों में किये गये कार्य दिवसों की संख्या को अर्जित अवकाश में नियमानुसार बदलने की मांग संघ की ओर से किया गया है। नवीन शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने कहा है कि शासन प्रशासन इसी तरह प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं की ड्यूटी गैर शिक्षकीय कार्य में लगाते रहें तो शासकीय शालाओं में पढने वाले विद्यार्थियों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रभावित होगी।

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 5 लाख का ईनामी नक्सली ढेर

## 1 नग हथियार सहित बड़ी मात्रा में नक्सली सामाग्री बरामद

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिला सुकमा के थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तुमालपाड के जंगल-पहाड़ी में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 05 लाख का ईनामी नक्सली मारा गया है। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से नक्सली का शव तथा 1 नग हथियार सहित बड़ी मात्रा में नक्सली सामाग्री बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में जिला सुकमा थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत छोटेकेड़वाल, बड़ेकेड़वाल, सिंघनमड़गू, तुमालपाड़ व आस-पास क्षेत्र में कोंटा एरिया कमेटी एवं पीएलजीएल बटालियन के नक्सलियों की उपस्थिति की आ-



सूचना पर दिनांक 13.09.2024 को थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प करीगुड़म से डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी सूचना स्थल नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे, कि अभियान के दौरान दिनांक 14.09.2024 के प्रात: लगभग 08:30 बजे तुमालपाड़ के जंगल-पहाड़ को सर्च करते हुए आगे बढ़ रहे थे कि पूर्व से घात लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने के नीयत से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे सुरक्षाबलों द्वारा भी यथा-स्थान पोजिशन लेकर आत्मरक्षार्थ में जवाबी कार्यवाही मे फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के जवाबी कार्यवाही से सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व नक्सली अपने आपको घिरता हुआ देखकर जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग खड़े हुए। तद्पश्चात घटना स्थल की सर्चिंग करने पर 01 अज्ञात पुरूष नक्सली का शव व शव के पास 01 पिस्टल मय 03 नग जिंदा राउण्ड, 01 नग बायोफेम वायरलेस सेट, 01 नग काला पिट्ठू, जिसमें 01 नग टिफिन बम, 01 नग देशी ग्रिनेड, 02 नग बीजीएल सेल, 04 नग जिलेटिन रॉड, 04 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 01 नग कैमरा फ्लेश, 01 गुच्छा बिजली वायर, लगभग 01 मीटर नीला रंग का गांठ लगा हुआ कोर्डेक्स वायर, 01 मीटर लाल रंग का कोर्डेक्स वायर, 01 जोड़ी काली वर्दी, 01 नग केमोफ्लेस पेंट, 01 नग केमोफ्लेस कैप एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामाग्री बरामद किया गया।

# खुमान साव संगीत अकादमी की प्रस्तुति से महका लक्ष्मी नगर

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** विगत दिनों लक्ष्मी नगर गणेश उत्सव समिति राजनांदगांव के द्वारा खुमान साव संगीत अकादमी राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ी संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। उक्त संस्थान के संस्थापक / लोकसंगीतकार गोविंद साव सहित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं नवोदित कलाकारों के द्वारा लोकगीत, लोक नृत्य एवं प्रहसन की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। उक्त कार्यक्रम में श्री लोमन हिरवानी अधिवक्ता, गुणेंद्र साव अधिवक्ता, नरेश साहू अधिवक्ता,मुन्ना साहू ठेकेदार, सहदेव पटेल ,शिव पटेल,टेकलाल यादव, सूरज साहू, गोलू भाई, हरि पटेल, बृजलाल साहू , मकसूदन साहू अपेक्स बैंक सुपरवाइजर ,प्रवीण साव,भगवती गंभीर बांसुरी वादक व श्रीमती कान्ति मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति से मंच उत्साहित रहा। समस्त कॉलोनी वासियों द्वारा प्रतिवर्ष गणेश पर्व बेहद धूमधाम से मनाया जाता है इसी श्रृंखला में छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के संरक्षण व संवर्धन के दिशा में सतत प्रयासरत लोक संस्थान खुमान साव संगीत अकादमी की प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा मंत्र मुग्ध हुए वहीं नवोदित कलाकारों के जज्बे व श्रम को लोगों ने सराहा।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 16 सितंबर 2024



## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर सोकोडिपा में लगाया गया ट्रांसफार्मर

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में लोगों की मांगों और समस्याओं का सामाधान का क्रम सतत रुप से जारी है। यहां पर आयोजित जनदर्शन में लोग बड़ी उम्मीद के साथ पहुंचते हैं। उनके आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ त्वरित गति से निराकरण किया जाता है। इसी कड़ी में ग्राम सोकोडिपा में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के निर्देश पर तत्काल यहां पर ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है।

# पर्यूषण महापर्व के अवसर पर ताड़पत्र पर हस्तलिखित ग्रंथो की चार दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का हुआ आगाज










**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पर्यूषण महापर्व के पावन पुनीत अवसर पर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य नवाचार्य समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से आदरणीय बाल ब्रह्मचारी संदीप सरल जी संस्थापक अनेकांत ज्ञान मंदिर श्रुतधाम बीना (मध्य प्रदेश) के मार्गदर्शन में रायपुर शहर के इतिहास में प्रथम बार ताड़पत्रों पर हस्तलिखित स्वर्ण पत्रों पर अंकित लगभग 1300 वर्ष प्राचीन बहुमूल्य ग्रंथो की चार दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ दिनांक 14 सितंबर को प्रात: 9 बजे श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड के श्री विद्यासागर हॉल में श्री प्रताप पारेख उपसंचालक पुरातत्व विभाग, कुमारी स्वाति जैन जनसंपर्क विभाग, श्री धीरज जैन मैनेजर एसबीआई, श्री रितेश जैन रीजनल बिज़नेस हेड बैंक आफ बड़ौदा की गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ हुई।

प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण पोस्टकार्ड पर तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ के 10 अध्याय, पोस्टकार्ड पर भक्तामर स्त्रोत के 48 काव्य, 200 फुट लंबे कागज पर 24 ठाणा ग्रंथ, विश्व की एकमात्र दुर्लभ प्रति काष्ठफलक पर लिपिबद्ध देवनागरी लिपि में वर्णमाला, दर्शनीय श्रीफल जिनालय, स्वर्ण लिखित भक्तामर स्त्रोत, हस्तलिखित समयसार ग्रंथ, ऐरावत हाथी जम्बूदीप, ढाई द्वीप आदि के प्राचीन चित्र, आमंत्रण पाती प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण हैं।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने सैकड़ो की तादाद मे लोग मालवीय रोड दिगंबर जैन मंदिर पहुंच रहे हैं एवं जैन धर्म की प्राचीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण देख कर उत्साहित हैं।

श्री जिनालय के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री नरेंद्र जैन गुरु कृपा, अध्यक्ष श्री यशवंत जैन, सचिव श्री सुजीत जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने बताया कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें इतने प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथो एवं लिपियों को एक साथ प्रदर्शित करने का अवसर मिला। समिति ने सकल जैन समाज के साधर्मियो से अनुरोध किया कि एक बार इस प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए श्री मालवीय रोड बड़ा जैन मंदिर में अवश्य पधारें।

यह प्रदर्शनी दिनांक 17 सितंबर शाम तक आयोजित है। -**प्रियेश जैन**

# शतरंज धैर्य, योजना और सही समय पर निर्णय लेने की कला सिखाता है : बृजमोहन अग्रवाल

## आंजनेय विश्वविद्यालय और चेस सिटी एवं चेसगढ़ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





### पहला स्थान मोबिन फारुकी (बिलासपुर), दूसरा स्थान क्षितिज शर्मा (रायपुर) और तीसरा स्थान अक्षत महोबिया (रायपुर) ने प्राप्त किया

### इस प्रतियोगिता में 208 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आंजनेय विश्वविद्यालय और चेस सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 208 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि शतरंज का खेल जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है, क्योंकि इसमें लिए जाने वाले फैसले और रणनीतियाँ हमारे जीवन के निर्णयों को प्रतिबिंबित करते हैं। शतरंज सिखाता है कि सोच-समझकर और धैर्यपूर्वक निर्णय लेना कितना महत्वपूर्ण है, ठीक वैसे ही जैसे जीवन में हमें हर कदम पर विचार करना पड़ता है। शतरंज धैर्य, योजना और सही समय पर सही निर्णय लेने की कला सिखाता है, जो हमारे व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए आवश्यक गुण हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शतरंज ध्यान और योग की तरह है, क्योंकि यह मानसिक एकाग्रता, धैर्य और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है। जैसे योग शरीर और मन को संतुलित करता है, वैसे ही शतरंज मस्तिष्क को सक्रिय रखता है और सोचने-समझने की क्षमता को विकसित करता है।

उद्घाटन सत्र के दौरान विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल डॉ बी सी जैन ने इंडोर स्पोर्ट्स के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल के प्रति लगाव जीवन में अनुशासन को बढ़ाता है। खेल में नियमित अभ्यास, नियमों का पालन और धैर्य की आवश्यकता होती है। यह जीवन में समय प्रबंधन, संयम और लक्ष्य प्राप्ति के प्रति समर्पण सिखाता है। खेल भावना से व्यक्ति अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में भी अनुशासन बनाए रखता है।

इवेंट कोर्डिनेटर परेश बुधवानी ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्विस फॉर्मेट के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें कुल 8 राउंड हुए। वहीं सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रांजली गनी ने दी।

# RITEE Group of Institute में आयोजित Spring–Verte & Connect w®wy Tech Event ने किया छात्रों को प्रेरित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** Tech Event, Spring- Verte& Connect w®wy, RITEE Group of Institutes में शानदार तरीके से आयोजित किया गया और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह एक दिन का कार्यक्रम था, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम ने Artificial Intelligence (AI) में हो रही नई-नई खोजों को समझने और सीखने का एक शानदार मंच प्रदान किया।

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि चेयरमैन (श्री स्वरूपचंद जैन), सचिव (श्री शैलेन्द्र जैन), प्रिंसिपल डॉ. मनीष सखलेचा, और एच.ओ.डी. (श्री महादेव बाग) उपस्थित थे। इन सभी ने छात्रों का हौसला बढ़ाया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण- Mr. Kartikey Rawat (Google Developer E&pert Organizer, TFUG) and Mr. Adarsh Gupta (Software Developer Engineer, Infosys) ने Verte& AI के जरिए Vector Search के बारे में जानकारी दी।

वक्ताओं ने बताया कि Vector Search कैसे पारंपरिक Keyword Search से अलग और बेहतर है। यह तकनीक जटिल सवालों को समझने में मदद करती है और Search Engine को और भी स्मार्ट बनाती है। Spring-Verte& Connect 2024 की इस सफलता के साथ, RITEE Group of Institute, AI और Machine Learning में छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## पीएम सूर्यघर योजना, 25 हजार का लक्ष्य पूरा करने कार्यशाला आयोजित

# राष्ट्रीय लक्ष्य पूरा करने में छत्तीसगढ़ का अहम योगदान : भीम सिंह



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत छत्तीसगढ़ में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25 हजार घरों में रूपटॉप सौर संयंत्र स्थापित करने के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा ऊर्जा सचिव श्री पी.दयानंद के निर्देश पर राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ किया गया। प्रबंध निदेशक, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी श्री भीम सिंह ने इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूरे प्रदेश से आये मैदानी अभियंताओं से इस योजना को सफल बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करने तथा निर्बाध कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए लक्ष्य पूरा करने का आव्हान किया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं आर ई सी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर, महासंमुद, बलौदाबाजार, धमतरी जिलों में मैदानी स्तर पर पदस्थ कार्यपालन अभियंताओं एवं अधीक्षण अभियंताओं को योजना से संबंधित जानकारी प्रदाय करने हेतु कार्यशाला का आयोजन गुढियारी रायपुर स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। कार्यशाला में प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह द्वारा मार्गदर्शन किया गया एवं मैदानी अधिकारियों को तेजी से कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। कार्यशाला में विशेष रूप से उपस्थित आर ई सी लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक श्री प्रदीप फेलोज द्वारा बताया गया कि इस महती योजना हेतु भारत सरकार ने पूरे देश में 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित किये जाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु योजनांतर्गत प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी आर ई सी टीम के माध्यम से दी गई।

# अष्टम दिवस उत्तम त्याग धर्म : तपोगे तभी तो चमकोगे- पंडित नितिन जैन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर जी, सन्मति नगर, फाफाडीह, रायपुर में पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व के पावन अवसर पर अष्टम दिवस उत्तम त्याग धर्म की आराधना की गई। प्रात:काल भक्तों ने मंदिर जी में इन्द्रों की वेषभूशा में अभिशेक षांतिधारा से लेकर पर्व पूजाएं कर धर्मलाभ लिया।

आज उत्तम त्याग धर्म के दिन श्री महावीर स्वामी के समक्ष मूल वेदी में शांतिधारा का सौभाग्य श्री महावीर प्रसाद जी राजकुमार जी जितेन्द्र जी राकेश जी नरेन्द्र जी बाकलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ।

समिति के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया कि अश्टम दिवस में प्रथम तल में भगवान पार्श्वनाथ की वेदी पर षांतिधारा का सौभाग्य श्री विजय कुमार जी अनिल कुमार जी जैन, कुरावाले परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान मुनिसुव्रतनाथ की वेदी पर षांतिधारा श्रीमती देउबाई जी गोधा, संजय जी विनय जी गोधा परिवार द्वारा की गई।

प्रतिदिन के अनुसार संध्या समय श्रीमती उशा लोहाड़िया एवं श्रीमती वर्शा सेठी के निर्देषन में श्रावक प्रतिक्रमण कराया गया। शास्त्र सभा में स्थानीय विद्वान पं. नितिन जैन 'निमित्त' ने बताया कि हमारा जीवन इच्छाओं का अक्षय पात्र है। इच्छाओं का निरोध करना तप है। प्रत्येक व्यक्ति में भगवान बनने की शक्ति है पाशाणेशु यथा हेम:, दुग्ध मध्ये यथा घृत:, तिल मध्ये यथा तैलं, देह मध्ये तथा शिव: ।।

जैसे पाशाण में स्वर्ण है, दुग्ध में घी विद्यमान है, तिल के भीतर तेल उपस्थित है वैसे ही प्रत्येक मनुश्य में भगवान बनने का सामर्थ्य है। प्रत्येक प्राणी में अपार क्षमता है। सिर्फ अभिव्यक्ति का अवसर नहीं मिल रहा है। ये दषलक्षण पर्व आपको अपनी षक्ति की अभिव्यक्ति का अवसर देने आए हैं।

तन मिला तुम तप करो, करो कर्म का नाष।
रवि शशि से भी अधिक है, तुममें दिव्य प्रकाश।।

समाज के कई सुधी श्रावक एकासन, उपवास आदि कर रहे हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने शायद पहली बार उपवास किया है। इसके पूर्व उन्हें इस बात की अनुभूति नहीं थी कि वे ऐसा कर सकते हैं। परन्तु उनकी आत्मा ने दषलक्षण के अवसर पर अभिव्यक्ति का प्रयास किया जाकि निष्चित ही परमपद की ओर ले जाने वाला होगा।

उपवास का अर्थ -ंउचय उप यानि पास, समीप और वास मतलब रहना, अपने आराध्य के समीप रहना सो उपवास। जिसके स्थिर नामकर्म का उदय और वीर्य अंतराय कर्म का क्षयोपषम हो वही व्यक्ति उपवास कर सकता है। इनकी अनुमोदना करनी चाहिये कि इंद्रिय निरोध का कितना बड़ा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

उत्तम तप का लक्ष्य कर्मक्षय और इच्छा निरोध है। अपनी इच्छाओं को सीमित करना भी इच्छा निरोध है। अधिक संपत्ति की चाह न होना, अधिक वस्त्रों का संग्रह न होना, भोजन के प्रति भी कम लालसा होना।

जो जीवन में कभी तपता नहीं वो कभी पकता नहीं। नाम ख्याति के लिये किया गया तप पतन की ओर ले जाता है। इसलिये उत्तम तप को धारण कर परमपद की प्राप्ति के लिये पुरूशार्थ करना चाहिये।

**-अरविंद बड़जात्या**







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354